अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 255 लखनऊ, शुक्रवार, 04 अप्रैल 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद : राधा रानी को पक्षकार बनाने की अर्जी दाखिल

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि से शाही ईदगाह हटाने की मांग में विचाराधीन सिविल वादों की सुनवाई के दौरान वादी के रूप में राधा रानी को भी शामिल करने की मांग में अर्जी दी गई। साथ ही शाही मस्जिद को विवादित ढांचा कहे जाने की भी मांग की गई, जिस पर मस्जिद पक्ष ने आपत्ति की। सिविल वादों की अगली सुनवाई की तिथि छह मई तय की गई है। सभी सिविल वादों की सुनवाई न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा कर रहे हैं। एक वाद में भविष्य की कार्यवाही में और अदालत के समक्ष लम्बित अन्य संबंधित मामलों में ल्लशाही ईदगाह मस्जिदल्ल के स्थान पर ल्लविवादित ढांचाल्ल के उपयोग की मांग की गई।

### लखनऊ में चार करोड़ से लाइट साउण्ड शो की शुरुआत जल्द : पर्यटन मंत्री

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ में एक नई पहल के तहत कैंटोनमेंट क्षेत्र के स्मृतिका वार मेमोरियल पार्क में आठ करोड़ 95 लाख से लेजर लाइट एंड साउंड शो की शुरुआत की जाएगी। इस शो के माध्यम से पर्यटकों को ऐतिहासिक घटनाओं और वीरता की गाथाओं से अवगत कराया जाएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों के बलिदान और पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए कैंटोनमेंट क्षेत्र स्थित स्मृतिका वार मेमोरियल को लेजर लाइट एण्ड साउण्ड शो के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके लिए कुल राशि में से दो करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। शहीदों के जीवन तथा उनके द्वारा देश के लिए की गयी सेवाओं को आगे दर्शक एवं पर्यटक लेजर शो में देखेंगे।

### वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 2343 टावर लगाने की योजना: ज्योतिरादित्य सिंधिया

नई दिल्ली। राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधियानेकहा कि सरकार ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 2343 मोबाइल टावर लगाए जाने की योजना बनाई है। गुरुवार को एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 4जी में अपग्रेडेशन और बीएसएनएल टावरों के बंद होने पर उठाए जाने वाले उपायों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि डिजिटल भारत निधि के तहत एक कार्यक्रम बनाया गया है, जिसके तहत वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 2343 टावरों की योजना बनाई गई है।

# भारत थाईलैंड ने कायम की रणनीतिक साझीदारी

## 'मानव तस्करी के खिलाफ मिल कर काम करेंगे'

एजेंसी

बैंकॉक। भारत और थाईलैंड ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझीदारी का रूप देने के साथ सुरक्षा एजेंसियों के बीच रणनीतिक संवाद शुरू करने, मानव तस्करी और अवैध उत्प्रवासन के खिलाफ मिल कर काम करने की घोषणा की है तथा डिजीटल एवं उच्च प्रौद्योगिकियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, हथकरघा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जतायी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और थाईलैंड की प्रधानमंत्री यिंगलक शिन्नावात के बीच गुरुवार को यहां हुई द्विपक्षीय बैठक में ये निर्णय लिये गये। दोनों देशों ने आपसी सहयोग के छह समझौतों पर हस्ताक्षर एवं आदान करने के साथ ही हिन्द प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र, खुले, समावेशी एवं नियम आधारित नौवहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी।



भारत ने आसियान की एकता और आसियान की केन्द्रीयता का पूर्ण समर्थन दोहराया।

दोनों देशों ने जिन समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं, उनमें भारत-थाईलैंड रणनीतिक साझीदारी की स्थापना पर संयुक्त घोषणा, डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग पर थाईलैंड साम्राज्य के डिजिटल अर्थव्यवस्था और समाज मंत्रालय तथा भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन, भारत के बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सागरमाला प्रभाग और थाईलैंड साम्राज्य के संस्कृति मंत्रालय के ललित कला विभाग के बीच गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) के विकास के लिए समझौता ज्ञापन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत के राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) और थाईलैंड साम्राज्य के लघु और मध्यम उद्यम संवर्धन कार्यालय (ओएसएमईपी) के बीच

● भारत-थाईलैंड के द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति

समझौता ज्ञापन, भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) और थाईलैंड साम्राज्य के विदेश मामलों के मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन तथा भारत के उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (एनईएचएचडीसी) और थाईलैंड सरकार की क्रिएटिव इकोनॉमी एजेंसी (सीईए) के बीच समझौता ज्ञापन शामिल हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में थाईलैंड में उनके एवं भारतीय प्रतिनिधिमंडल के आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री शिन्नावात का आभार व्यक्त किया। उन्होंने 28 मार्च को आए भूकंप में हुई जनहानि के लिए भारत के लोगों की ओर से गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे जन-जन को जोड़ा है। अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान हुआ है। रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी है। और, संस्कृत-पाली के प्रभाव आज भी भाषाओं और परंपराओं में झलकते हैं।

उन्होंने कहा, ल्लमैं थाईलैंड सरकार का आभारी हूँ कि मेरी यात्रा के उपलक्ष्य में 18वी शताब्दी की 'रामायण' म्यूरल पेंटिंग्स पर आधारित एक विशेष डाक-टिकट जारी किया गया है। प्रधानमंत्री शिन्नावात ने अभी मुझे त्रिपिटक भेंट की। बुद्ध-भूमि भारत की ओर से मैंने इसे हाथ जोड़ कर स्वीकार किया है।

# विधेयक किसी पार्टी के हित में नहीं, देश हित में : जेपी नड्डा

एजेंसी



नई दिल्ली। राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि इस विधेयक को लाने का मकसद किसी पार्टी के हित में नहीं बल्कि देश हित में है। वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 का मूल उद्देश्य रिफॉर्म्स लाकर वक्फ की प्रॉपर्टी का उचित मैनेजमेंट करना है। प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार पूरी तरह से डेमोक्रेटिक नॉर्म्स को फॉलो करके आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक किसी पार्टी के हित में नहीं है बल्कि यह देश के हित में है। उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि क्या वक्फ की संपत्ति सही प्रबंधन नहीं होना चाहिए? इसकेदुरुपयोगको रोकनेकेलिए क्या कदम नहीं उठाए जाने चाहिए? क्या वे जवाबदेहनहींहोनेचाहिए। यह विधेयक वक्फ संपत्ति को जवाब देह बनाने के लिए है। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्रीके'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' इस मंत्र को लेकर चले हैं और इसको उन्होंने पूरा किया है। मोदी की गरीब कल्याण अन्न योजना से लेकर पीएम आवास योजना, शौचालय... सभी योजनाओं का लाभ हर वर्ग के जरूरतमंदों को मिला है, देश की जनता को मिला है। हम सिर्फ बोलते नहीं, बल्कि सच्ची सेवा करते हैं।इस विधेयक के माध्यम से हमने कोशिश की है कि ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम समुदाय का, वक्फ की प्रॉपर्टी का सही से उपयोग हो सके।

# हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि एक समृद्ध विरासत को देखा : योगी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम कश्मीरीगंज में स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलापूजन किया। जगदगुरु रामानंदाचार्य काशी पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज सहित अन्य संतों की मौजूदगी में शिलान्यास हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को

● सीएम योगी ने कश्मीरीगंज में प्राचीन श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण का किया शिलापूजन

सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सवा सात सौ वर्षों के आध्यात्मिक परम्परा के नवीनीकरण के लिए आयोजित शिलान्यास में आना सौभाग्य की बात है। स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज ने अपने गुरु विरासत को नया स्वरूप भव्य राम मंदिर बनाने का संकल्प लिया है।

# ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

## 25,000 शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 25,000 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले पर गुरुवार को मुहर लगा दी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। पीठ ने अपने फैसले में पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को 'दूषित' और 'सुधार से परे दागदार' घोषित किया। अदालत ने कहा कि



पूरी चयन प्रक्रिया हेरफेर और धोखाधड़ी से दूषित थी और इसे सुधारा नहीं जा सकता। न्यायालय ने कहा कि इस प्रक्रिया की पवित्रता और विश्वसनीयता को नष्ट कर दिया गया है। ऐसे में दागी उम्मीदवारों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई वैध आधार नहीं है। पीठ ने कहा, ल्लचूंकि नियुक्तियां धोखाधड़ी और जालसाजी से हुई हैं, इसलिए हमें हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं दिखता। शीर्ष न्यायालय ने हालांकि कुछ निर्देशों में संशोधन किया। शीर्ष न्यायालय ने अपने फैसले में यह भी कहा कि जो उम्मीदवार पहले कहीं और कार्यरत थे, उन्हें अपने पिछले पदों पर वापस आने की अनुमति दी जाएगी। न्यायालय ने राज्य सरकार से तीन महीने की अवधि के भीतर चयन की नई प्रक्रिया शुरू करने को कहा। उच्च न्यायालय के निर्देश पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गई जांच में पश्चिम बंगाल के तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य को गिरफ्तार किया गया था तथा भारी मात्रा में नकदी भी बरामद की गई थी।

# शीर्ष सैन्य नेतृत्व वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखकर अपनी योजनाएं बनाए : राजनाथ

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सेना के कमांडरों से वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक को शामिल करते हुए योजना बनाने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा वैश्विक घटनाएं एक दूसरे से जुड़ी हैं और ऐसी घटनाएं चाहे हमारे पड़ोस में हों या दूर के देशों में, सभी को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा कि 'हाइब्रिड युद्ध' भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे। साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त सभी भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग बनेंगे। इसलिए सशस्त्र बलों को अपनी योजना और रणनीति बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा। रक्षा



मंत्री नई दिल्ली में चल रहे सेना कमांडरों के सम्मेलन में तीसरे दिन के सत्र की अध्यक्षता करते हुए भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने वर्तमान भू-रणनीतिक अनिश्चितताओं और जटिल विश्व स्थिति पर जोर दिया, जो वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान गतिशील भू-रणनीतिक परिवर्तनों और अनिश्चितताओं के साथ चल रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों को दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों चुनौतियों का समाधान करते हुए योजना तैयार करनी चाहिए। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में आधुनिक तकनीक को शामिल करने वाली सैन्य खुफिया के महत्व पर

● साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त सभी भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग बनेंगे

अधिक जोर नहीं दिया जा सकता है।

रक्षा मंत्री ने उत्तरी सीमा की मौजूदा स्थिति पर तैनात सशस्त्र बलों की दृढ़ता और सतर्कता के लिए सराहना की तथा कहा कि ऐसा ही जारी रहना चाहिए। रक्षा मंत्री ने बीआरओ के प्रयासों को सराहा, जिसके कारण कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संचार में भारी सुधार हुआ है। सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अलावा नागरिक प्रशासन को हर समय सहायता प्रदान करने में सेना की सराहनीय भूमिका पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्री ने कहा कि सेना सुरक्षा, एचएडीआर, चिकित्सा सहायता से लेकर देश में स्थिर आंतरिक स्थिति बनाए रखने तक हर क्षेत्र में मौजूद है। उन्होंने सेना कमांडरों के सम्मेलन में राष्ट्र के 'रक्षा और सुरक्षा' दृष्टिकोण को नई ऊंचाइयों पर सफलतापूर्वक ले जाने के लिए सेना नेतृत्व की सराहना की।

उन्होंने पश्चिमी सीमा पर आतंकवाद के प्रति भारतीय सेना की प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि विरोधी की ओर से छद्म युद्ध जारी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में सीएपीएफ, पुलिस बलों और सेना के बीच उत्कृष्ट तालमेल है।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में नहीं पहुंचे गवाह, 15 अप्रैल को अगली सुनवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टल गई है। परिवादी की ओर से गुरुवार को गवाह नहीं आने पर सुनवाई नहीं हो सकी। एमपीएमएलए कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है।

कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी, जिससे वे आहत हैं।

कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें जमानत दी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। बीते साल 26 जुलाई को राहुल गांधी कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था।

# उत्तर रेलवे स्क्रैप बिक्री में 700 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाला सभी जोनल रेलवे में पहला रेलवे बना

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ई-नीलामी की समाप्ति के साथ उसने मार्च-25 माह तक कुल 781.07 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की है जोकि अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। इसके साथ ही, उत्तर रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 781.07 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करके स्क्रैप निपटान के क्षेत्र में एक बार फिर कीर्तिमान स्थापित किया है, जबकि रेलवे बोर्ड का वार्षिक बिक्री लक्ष्य 530 करोड़ रुपये है, जो बिक्री लक्ष्य का 147.36 प्रतिशत है और भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन





इकाइयों (पीयू) में रैंक-1 पर है। उत्तर रेलवे इस वर्ष स्क्रैप बिक्री में 700 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाला एकमात्र रेलवे है।

उत्तर रेलवे ने एक बयान जारी कर कहा कि यह लगातार चौथा वर्ष है जब उत्तर रेलवे ने 600 करोड़ रुपये की कुल बिक्री को पार कर लिया है और सभी क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों के बीच लगातार 4 वर्षों तक रैंक-1 प्राप्त किया है। इस प्रक्रिया में, उत्तर रेलवे ने 8 स्थानों से 592 ई-नीलामी में 3244 लॉट बेचे हैं। उल्लेखनीय है कि स्क्रैप निपटान एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। स्क्रैप से राजस्व उत्पन्न करने के अलावा, यह कार्यस्थल को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है। रेलवे लाइनों के आस-पास रेल के टुकड़े, स्लीपर, टाई बार आदि जैसे स्क्रैप की उपलब्धता एक संभावित सुरक्षा खतरा है। बयान में कहा गया है कि उत्तर रेलवे ने स्टाफ क्वार्टर, केबिन, शेड, पानी की टंकियों आदि के निपटान का कार्य भी मिशन मोड में किया है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2025 राज्यसभा में पेश

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2025 को चर्चा के लिए पेश किया। लोकसभा बीती रात इन विधेयकों को पारित कर चुकी है।

सदन में बिल पेश करते समय किरेन रिजिजू ने कहा कि इस पर तार्किक और सार्थक चर्चा होनी चाहिए। कुछ सदस्यों का कहना है कि संयुक्त संसदीय समिति में जितनी चर्चा होना चाहिए थी, वह नहीं हुई लेकिन देशभर में सभी स्टेक होल्डर्स और धार्मिक संस्थाओं आदि से चर्चा के बाद इसे संसद में लाया गया। जेपीसी ने इस पर अत्यंत व्यापक काम किया। कुल मिलाकर 284 संगठनों, स्टेक होल्डर्स ने ज्ञापन दिया। एक करोड़



लोगों ने इस पर अपना मंतव्य दिया। राज्य सरकारों से भी इस पर विचार-विमर्श किया गया। बीती रात यानी आज तड़के इसे लोकसभा से पारित किया गया। उसके बाद आज इसे राज्यसभा में पेश किया जा रहा है।

किरेन रिजिजू ने कहा कि जेपीसी ने मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ आदि विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों का मंतव्य लिया है। इससे पहले कांग्रेस सरकार ने 1976 में जब वक्फ पर इंक्वायरी कमीशन बिठाया और कमीशन की रिपोर्ट आई, तब कहा गया वक्फ की सम्पत्तियां को लेकर बहुत विवाद है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट 2006 में आई और उसने कहा कि वक्फ बोर्ड को सशक्त किया जाना चाहिए। सच्चर कमेटी ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष कदम उठाना चाहिए। के रहमान खान कमेटी ने कहा कि सारा झंझट मुतवल्ली पर केंद्रित है। वक्फ संपत्तियों और इसके डेटा को डिजिटलाइज्ड किया जाए। यूपीए ने सेलेक्ट कमेटी बनाई लेकिन इस पर हमारी जेपीसी ने जो कमेटी बनाई, उसमें यूपीए से अधिक सदस्य हैं और उन्होंने यूपीए के मुकाबले ज्यादा बैठकें कीं, देश के ज्यादा हिस्सों में जाकर लोगों की राय जानी।

रिजिजू ने कहा कि यहां कहा गया कि हम जो कदम उठा रहे हैं, उससे मुसलमानों का हक छीना जा रहा है लेकिन मैं इस तरह के आरोपों को खारिज करता हूं। वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन मुसलमान के पास ही रहेगा, गैर मुस्लिम इसमें दखल नहीं दे सकेगा। मुतवल्ली भी मुसलमान ही होगा। इसमें बच्चों, महिलाओं, धार्मिक भावना और धार्मिक व्यवस्था का सारा काम मुस्लिम के हाथ में ही होगा। वक्फ बोर्ड को हम ताकतवर बना रहे हैं। जो मुसलमान अपनी संपत्ति को वक्फ के हिसाब से चलाना चाहता है, उसे उसकी पूरी इजाजत होगी। वक्फ बोर्ड पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता के हिसाब से होना चाहिए, हमारा इसी पर फोकस है। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट नहीं पहुंचा रहे हैं। कोई मुसलमान वक्फ क्रिएट कर सकता है। शिया, सुन्नी, शेख सभी मिलकर वक्फ में होंगे। इसमें कोई भेदभाव नहीं होगा। केरल, इलाहाबाद, राजस्थान उच्च न्यायालयों द्वारा वक्फ बोर्ड के बारे में लंबित मामलों में जो टिप्पणियां की गई हैं, उनका जिक्र भी किरेन रिजिजू ने सदन में बिल पेश करते समय किया। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में 2013 में जो कमेटी बनी, उसकी सिफारिशें संसद के दोनों सदनो में पारित हुईं।

# आबकारी विभाग में शत प्रतिशत लागू होगी ई–आफिस प्रणाली : नितिन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग के मंत्री नितिन अग्रवाल ने गौतमपल्ली स्थित सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आबकारी विभाग को पूरी तरह से आनलाइन करने के लिए तेजी से कदम उठाया गया है। विभाग में पत्रावलियों का व्यवहरण ई–आफिस प्रणाली द्वारा किया जा रहा है। ई–आफिस प्रणाली को शत प्रतिशत लागू करने के लिए निर्धारित स्पेसिफिकेशन के कम्प्यूटरों को क्रय किया गया है। आबकारी विभाग के मंत्री नितिन ने कहा कि आबकारी विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों के विवरण व कार्य मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे है। मदिरा की फुटकर दुकानों का व्यवस्थापन ई–लॉटरी द्वारा एनआईसी के पोर्टल से किया गया है। थोक व बॉण्ड अनुज्ञापन का निर्गमन, लेबलों का अनुमोदन व मदिरा की एमआरपी का अनुमोदन किया जा रहा है। दुकानदारों की मदिरा उठान की आनलाइन मानिटरिंग व मदिरा की बोतलों की वैधता की पहचान, एमआरपी की जानकारी के लिए मोबाइल एप का विकास हुआ है। नितिन अग्रवाल ने पत्रकारों से कहा कि आबकारी विभाग में कर चोरी पकड़ने के उद्देश्य से जीपीएस युक्त वाहनों से ही मदिरा का आवागमन कराया जा रहा है। आसवनियों पर सीसीटीवी कैमरे का उपयोग बढ़ाया गया है। मदिरा, स्प्रिट टैंकरों में डिजिटल लॉकिंग की व्यवस्था की गई है। डिस्टलरीज में डिजिटल अल्कोहल मीटर का उपयोग, आबकारी अनुज्ञप्त परिसरों की जियो फेंसिंग, क्यूआर कोड को अनिवार्य करना जैसे कार्यो का कराया जा रहा है।

## वक़्फ़ संशोधन बिल मुस्लिम समाज के हित में बड़ा कदम : केशव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वक़्फ़ संपत्तियों को प्रॉपर्टी डीलरों से मुक्त कर समस्त मुस्लिम समाज के हित में बड़ा कदम है। वक़्फ़ बिल के पास होने का श्रेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को जाता है और मोदी व अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति को। मैं इन महान विभूतियों का अभिनंदन करता हूँ। सभी को हार्दिक बधाई !उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि वक़्फ़ पर सियासी हुक्मरानी, अब वक़्त की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा में वक़्फ़ संशोधन बिल पास होने पर सभी दबे-कुचले और पसमांदा समाज को बधाई। मोदी सरकार का एक ही मूलमंत्र है - सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। कांग्रेस ने देश की जमीनें कुछ चहेते लोगों को खैरात में दी थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बिल के माध्यम से 'सबका साथ-सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ गरीब मुस्लिमों ख़ासकर मुस्लिम पसमांदा समाज को उनके हक़ देने जा रहे हैं।

# फ़ेसबुक लाइव से मिला 9 लाख गन्ना किसानों को प्रशिक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गन्ने की खेती को प्रोत्साहन का परिणाम है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश में गन्ना उत्पादन और उत्पादकता में प्रथम स्थान पर है। गन्ना शोध संस्थानों के साथ विशेषज्ञ फ़ेसबुक लाइव के माध्यम से गन्ना किसानों को अत्याधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।गन्ना विकास परिषद प्रशिक्षण कार्यक्रम फरवरी 2024 से चला रही है। जिसकी पहुंच 15 लाख से अधिक गन्ना किसानों तक हो चुकी है। फ़ेसबुक लाइव से प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ प्रदेश के किसानों के साथ उत्तराखंड और नेपाल के गन्ना किसानों को भी मिल रहा है। गन्ना विकास परिषद प्रदेश के गन्ना किसानों को आधुनिक तकनीकी से परिचित करवाने के लिए जहां एक ओर शोध संस्थानों में प्रशिक्षण शिविर चला रहा है। फ़ेसबुक लाइव के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण चला रहा है। फ़ेसबुक लाइव के माध्यम से प्रशिक्षण देने के साथ गन्ना किसानों की समस्याओं का त्वरित हल किया जाता है। उत्तर प्रदेश गन्ना विकास परिषद प्रशिक्षण कार्यक्रम फरवरी 2024 से चला रही है। एक वर्ष में फ़ेसबुक लाइव प्रशिक्षण की पहुंच 15,36,600 गन्ना किसानों तक हो चुकी है जबकि टोटल व्यू 9,10,342 हैं, जिन्होंने ने सक्रिय तौर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ लिया है। गन्ना विकास परिषद ने अब तक 18 फ़ेसबुक लाइव कार्यक्रम चलाए हैं।फ़ेसबुक लाइव के माध्यम से गन्ना किसानों को प्रशिक्षण देने से इसकी पहुंच कम समय में अधिक गन्ना किसानों तक प्रत्यक्ष रूप संभव हो रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि उत्तराखंड और नेपाल के गन्ना किसान भी प्राप्त कर रहे हैं गन्ना विकास परिषद फ़ेसबुक लाइव के साथ शोध संस्थानों के माध्यम से पारंपरिक तरीके से भी प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। गन्ना विकास परिषद मुजफ्फरनगर , शाहजहांपुर और सेवरही संस्थानों में निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। गन्ना कृषि शोध संस्थानों में अब तक 19,039 किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। मेरठ, रामपुर, लखीमपुर, बरेली, हरदोई, पीलीभीत के साथ नेपाल में भी प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के गन्ना किसानों को गन्ने की उन्नत किस्मों के साथ कृषि की आधुनिक तकनीकों से परिचित करवाना है। गन्ना किसानों को नघ केवल गन्ना की खेती बल्कि मूल्य भुगतान, बीज की उपलब्धता जैसी समस्याओं का निदान किया जाता है।

# कांस्टेबल रोज करता था रेप, पति ने भी छोड़ा महिला का साथ

**कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा**

**एक ही मकान में रहते थे पीड़िता और आरोपी सिपाही**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। अंबेडकरनगर जिले के अकबरपुर में पुलिसकर्मी ने दलित महिला से रेप किया। खाने में नशीली दवा दी। आरोपी सिपाही ने महिला को धमकी दी और लगातार हैवानियत करता रहा।गंदे काम में मकान मालिकन भी आरोपी सिपाही का साथ देती रही। भनक पीड़ित महिला के पति को लगी तो उसने भी महिला का साथ छोड़ दिया। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी सिपाही की शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला ने कोर्ट में आरोपी सिपाही और मकान मालकिन की शिकायत की। कोर्ट के आदेश पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दलित महिला और आरोपी सिपाही एक ही मकान में किराये पर रहे थे।महिला के आरोपों के बाद सिपाही पर अकबरपुर कोतवाली में एससी एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं के साथ मुकदमा दर्ज हुआ है। मकान मालकिन पर भी केस दर्ज हुआ है।अकबरपुर कोतवाली के मोहल्ला जौहरडीह में किराए के मकान में एक दलित महिला रहती थी।महिला स्थाई रूप से जलालपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है और यहां रहकर पढ़ाई करती है।पीड़िता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि मकान में अकबरपुर कोतवाली में तैनात सिपाही राजेश यादव भी रहता है।वह प्रतापगढ़ जिले का रहने वाला है। पीड़िता का आरोप है कि सिपाही राजेश यादव का मकान मालकिन से काफी गहरा संबंध है। उसी से राजेश ने उसका मोबाइल नंबर लिया और गंदे मैसेज भेज कर व फोन कर परेशान करने लगा।पीड़िता का आरोप है कि एक दिन राजेश उसे खाना दिया और कहा खा लो। पीड़िता ने खाने से इंकार किया तो मकान मालकिन आ गई और कहा कि खाना ही तो है खा लो। कहने पर पीड़िता ने खाना खा लिया। खाने के बाद बेहोश हो गई। आरोप है कि जब उसे होश आया तो देखा कि शरीर पर एक भी कपड़े नही है। उस समय राजेश पास में ही था। राजेश ने कहा कि जैसा मैं कहता हूं वैसा ही करो नही तो तुम्हारे पति को बता दूंगा।पीड़िता ने बताया कि राजेश कई महीने तक महिला के साथ संबंध बनाता रहा।जब महिला ने इसका विरोध किया तो उसने सारी बात उसके पति को बता दी, जिसके बाद उसके पति ने उसे छोड़ दिया।

## युवती से मनचले ने की अश्लीलता, बाजार में रोककर की छेड़छाड़

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के आशियाना इलाके में एक मनचले ने युवती को रास्ते मे रोककर पीट दिया। युवती का आरोप है कि पिछले कई महीनों से आरोपी उसे परेशान कर रहा है। बुधवार को युवती काम से जा रही थी तभी रास्ते में रोककर पहले अश्लीलता की विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। मकाउखेड़ा बिजनोर निवासी युवती का आरोप है बुधवार को शाम करीब 6.30 बजे अपनी बहनों के साथ विशाल मेगा मार्ट डोमिनोज पिज्जा आई थी। तभी घसियारी महोल बिजनोर निवासी उमेर पुत्र सर्वग सगीत आया। उमेर युवती का पूर्व परिचित है। युवती ने उसकी हरकतों की वजह से बातचीत बंद कर दी थी। उमेर ने युवती से गंदी बातें करते हुए अश्लीलता शुरू कर दी। युवती ने विरोध किया तो मारपीट करके उसका गला दबाने लगा। घबराई युवती पुलिस को सूचना दी। युवती ने आरोपी उमेर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# प्रदेश में अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़कर नारेबाजी कर रही हैं। आक्रोशित महिलाएं विधानसभा तक पहुंचने के लिए जोर लगा रही हैं। लेकिन जैसे ही वह पार्टी मुख्यालय से विधानसभा के लिए निकली थीं, पुलिस ने वैसे ही बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान महिलाओं की पुलिस से नोकझोंक हो गई। महिलाएं प्रदेश में अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर नाराजगी जता रही हैं। साथ ही महिला आरक्षण लागू करने की मांग कर रही हैं। यह प्रदर्शन कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ममता चौधरी की अगुआई में किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी नेता ममता चौधरी को गंभीर चोट आई है। कांग्रेस का आरोप है कि पुरुष पुलिस के द्वारा कांग्रेस की महिला नेताओं को धक्का दिया गया। जिसके बाद ममता चौधरी के सिर पर चोट आई है। इसके बाद वह बेहोश हो गईं। जिन्हें नितांत सिंह और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रदर्शन कर रही कांग्रेस की प्रवक्ता अनामिका यादव ने कहा उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं की आवाज उठाती रही है। आगे भी उठाएगी। हम लोग महिलाओं के आरक्षण और कानून व्यवस्था को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। हमारी मांग है कि महिलाओं के आरक्षण को तत्काल लागू किया जाए। महिला आरक्षण सिर्फ जुमला साबित न हो। अनामिका यादव ने कहा उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार दुराचार हो रहा है। हाल ही में मलिहाबाद में युवती के साथ दुष्कर्म हुआ। बलिया में युवती की हत्या करके उसे पेड़ पर लटका दिया गया। यूपी के 75 जनपद में कहीं भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। महिलाओं की हत्या को आत्महत्या बताया जा रहा है। प्रशासन सरकार के दोहरे चरित्र को छुपाने में लगा हुआ है। यह कहते थे महिलाएं आधी रात में भी सड़क पर निकल सकती हैं। मगर महिलाएं कहीं भी उत्तर प्रदेश में सुरक्षित नहीं हैं। हम लोग इसके खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे।

## ऑटिज्म डे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को किया जागरूक

लखनऊ। हमे समावेशी स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली, कार्य वातावरण और शहरी डिजाइन की आवश्यकता है ताकि ऑटिज्म से पीड़ित लोगों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर हम एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए फिर से प्रतिबद्ध हों जहाँ ऑटिज्म से पीड़ित कोई भी व्यक्ति पीछे न छूटे।यह संदेश आज वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे के अवसर पर बाराबंकी के छाया चौराहे पर उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल की टीम ने देर शाम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को दिया। उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल की अध्यक्ष अर्चना श्रीवास्तव ने अपनी पूरी टीम के साथ छाया चौराहे पर देरशाम को वर्ल्ड ऑटिज्म डे के अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज के लोगों को ऑटिज्म अवेयरनेस के बारे में जानकारी दी और उसके लक्षण बताएं। उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल द्वारा प्रस्तुत नुक्कड नाटक में इनर व्हील क्लब सुनीता जैन, पूर्व सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, पंकज मिश्रा, दीपक गुप्ता, मन्नू चौरसिया, दिलीप कुमार, आदर्श विमल, नितिन, तुषार, कनिष्का, साक्षी मौर्य, अभिषेक मिश्रा, साजिया अबरार, तथा इनर व्हील क्लब एवं जीएमजी कंपनी के तमाम लोग उपस्थित थे।

# यूपी कोऑपरेटिव बैंक को शुद्ध 1 अरब का हुआ फायदा सहकारी समितियों का पुनरुद्धारः जेपीएस राठौर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने पर, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों का विवरण दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे योगी सरकार ने सहकारिता विभाग को लूट और भ्रष्टाचार के अड्डे से बदल दिया है। सहकारिता मंत्री जीपीएस राठौर ने कहा कि यूपी कोआपरेटिव बैंक का शुद्ध लाभ 1 अरब रुपये से अधिक हो गया है, जो सपा सरकार के समय केवल 32.82 करोड़ रुपये था। सभी 50 जिला सहकारी बैंकों ने मिलकर 162 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है। सभी सहकारी बैंक अब लाभ में हैं। सहकारी बैंकों का नेट एनपीओ शून्य हो गया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। सहकारी बैंकों का 72: सीडी अनुपात भी सबसे अच्छा है। यूपी सहकारी बैंक को सर्वोत्तम बैंक का पुरस्कार मिला है। वहीं विभागों की उपलब्धियां को बताते हुए विभागों की कमियों पर भी मंत्री जेपीएस राठौर बोले की इटावा सहकारी बैंक में 110 करोड़ रुपये का घोटाला पकड़ा गया है। घोटालेबाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। सपा सरकार में बंद हुई 16 जिला सहकारी बैंकों को फिर से शुरू किया गया है। सधन सहकारी समितियों को मजबूत करने की योजना है। सभी साधन सहकारी समितियों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। यूपी में 7,000 सधन सहकारी समितियां काम कर रही हैं। सभी सधन सहकारी समितियों को 10 लाख रुपये की नकद सीमा दी गई है, जिसे मुख्यमंत्री ने बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया है। साधन सहकारी समित इस पैसे से किसानों को खाद मुहैया कराएंगी।

## अंसल के खिलाफ एलडीए समेत 4 प्राधिकरण करेंगे अपील,15 अप्रैल को मामले की सुनवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** एनसीएलटी की ओर से अंसल एलडीए को दिवालिया घोषित किए जाने के आदेश के खिलाफ एनसीएलटी के अपीलीय ट्रिब्यूनल में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अपील दायर कर दी है। एलडीए वीसी ने आगरा, गाजियाबाद और बुलंदशहर प्राधिकरण के वीसी को भी अपील दायर करने के लिए पत्र भेजा है। मामले की सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। एनसीएलटी (नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल) ने अंसल ग्रुप को दिवालिया घोषित करते हुए आईआरपी (इंट्रिम रिजोल्यूशन प्रोफ़ेशनल) नियुक्त किया है। इससे अंसल की परियोजनाओं में भूखण्ड, फ्लैट, विला और व्यवसायिक संपत्तियों में निवेश करने वाले हजारों निवेशकों की पूंजी फंस गई है। इनमें कई ऐसे आवंटी हैं, जिन्हें कंपनी ने वर्ष 2009 में भूखण्ड बेचे, लेकिन अब तक कब्जा नहीं दिया। एनसीएलटी ने अंसल को दिवालिया घोषित करने का फैसला सुनाते समय लखनऊ विकास प्राधिकरण, आवास विभाग समेत किसी भी शासकीय विभाग को न तो कोई नोटिस दी और न ही पक्ष सुना गया। इससे अंसल पर शासकीय विभागों की देयता के साथ ही होम बायर्स का हित भी फंस गया है। इस मामले को वकील अभिषेक चौधरी एवं संजीव कुमार दुबे ने एनसीएलटी में प्राधिकरण व राज्य सरकार का पक्ष रखा था। जिसमें एनसीएलटी ने सरकार के पक्ष में फैसला देते हुए सभी प्राधिकरणों को अंसल मामले में पक्षकार बनने की अनुमति दी है। एनसीएलटी ने प्राधिकरणों को शपथ पत्र के साथ सभी तथ्यों को रिकॉर्ड जमा करने कहा था।

## मुस्लिम समाज के हित में 'वक्फ़ बोर्ड संसोधन बिल' : भूपेन्द्र चौधरी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने 'वक्फ बोर्ड संसोधन बिल' लोकसभा से पारित होने पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 'वक्फ बोर्ड संसोधन बिल' मुस्लिम समाज के हित में है। मुस्लिमों के हित में यह ऐतिहासिक निर्णय वर्षों की अव्यवस्थाओं को सुधारने का कार्य करेगा। तीन तलाक जैसी कुप्रथा को खत्म कर मोदी सरकार ने माताओं-बहनों को न्याय दिया और अब वक्फ़ संपत्तियों की पारदर्शिता सुनिश्चित कर समाज को एक नवीन युग में प्रवेश दिलाने का सराहनीय कार्य किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्वितीय नेतृत्व में भारत एक नए युग में प्रवेश कर रहा है जहां तुष्टिकरण नहीं बल्कि समानता और देश के चौमुखी विकास की राजनीति होगी। इस ऐतिहासिक, साहसिक और दूरदर्शी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का समस्त प्रदेशवासियों की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं।

# अंकल चिप्स छोड़िए आंटी के पापड़ खाइए, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के छात्रों से बोले डॉ सूर्यकांत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- **महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र पुरस्कृत हुए**

लखनऊ। महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉक्टर नीरा इमैनुअल एवं उप प्रधानाचार्या शालू श्रीवास्तव के नेतृत्व में गुरुवार को विद्यालय सभागार में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ सूर्यकांत, विभागाध्यक्ष रेस्पिरेट्री मेडिसिन किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ सूर्यकांत के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित करके हुआ। मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप सम्मान मोमेंटो, अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने संस्कृत के श्लोकों पर एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया, बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसकी सभी ने सराहना की। विद्यालय में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में कक्षा 8 अ की सृष्टि कुशवाहा, 8 बी के अरुणा भदोरिया, 9 ए के नितिन पांडे, 9 बी की पल्लवी मौर्य, 11जी ए के यश मौर्य, 11 बी के अगस्त मिश्रा और 11ब के आयुष ओझा प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा में शीर्ष स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं व विद्यालय में पूरे वर्ष में होने वाले भिन्न-भिन्न शैक्षणिक व खेलकूद से संबंधित प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को मेडल, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कड़ी मेहनत, दृढ़ता और भविष्य के निर्माताओं के जीवन मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष आशीष कुमार अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जो उनके लिए रुचिकर हो ताकि वह स्वालंबी बने व अपना जीवकोपार्जन कर सकें। सचिव राजीव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारी बनाना भी हमारा उद्देश्य है क्योंकि यही हमारे देश का भविष्य है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भूपेंद्र अग्रवाल, दिनेश चंद्र अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, रवीश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, नीलेश टाटा, ब्रिज मोहन अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, रीता मित्तल व सुधीर हलवासिया उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## त्रिवेणीनगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम टीम का घेराव

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम के जोन 3 में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम टीम का घेराव हुआ है। दुकानदारों ने जब्त सामान को जबरन उतार लिया। मजबूरी में नगर निगम की टीम को वापस आना पड़ा है। नगर निगम जोन 3 के अधिकारी का कहना है कि शुक्रवार को नगर विकास मंत्री एके शर्मा का दौरा प्रस्तावित था। इसको लेकर अतिक्रमण हटाया गया है। वहीं, स्थानीय दुकानदार और वेंडरों का आरोप है कि पार्षद को आयोजित माता के जागरण कार्यक्रम में नहीं बुलाने से वह नाराज हुए।

# यूपी के वृद्धाश्रमों में सुविधाओं का विस्तार करेगी योगी सरकार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- **प्रदेश के सभी जिलों में संचालित वृद्धाश्रमों में खान–पान के साथ ही चिकित्सा व मनोरंजन की नि:शुल्क सुविधा**



लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में संचालित वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों को रहने, खाने-पीने, चिकित्सा और मनोरंजन जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही है। यह पहल न केवल निराश्रित बुजुर्गों के जीवन को सुगम बना रही है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और सुरक्षा भी प्रदान कर रही है।

योगी सरकार इन वृद्धाश्रमों में सुविधाओं और विस्तार देने की पहल की है। जिसके अंतर्गत सभी बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उत्तम स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ने के साथ-साथ उनके पूर्व के व्यवसाय और पेशे के अनुभवों को आज के परिपेक्ष्य में लाभ भी लेने की योजना बना रही है, जिसके बदले उन्हें निश्चित धनराशि भी प्रादान की जाएगी। सीएम योगी का मानना है कि इससे बुजुर्गों का न सिर्फ इन वृद्धाश्रमों में मन लगेगा बल्कि वो आत्मनिर्भर बन यहां बेहतर समय भी बिता सकेंगे। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में शासन द्वारा संचालित इन वृद्धाश्रमों में 150 क्षमता निर्धारित की गई है। इनका संचालन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सहयोग से किया जा रहा है। यह मॉडल सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के सहयोग से बुजुर्गों को बेहतर जीवन देने की दिशा में एक प्रभावी कदम के रूप में कार्यकर रह हैं। इन वृद्धाश्रमों में असहाय और निराश्रित बुजुर्गों को मुफ्त में भोजन, निवास, चिकित्सा और मनोरंजन की सुविधाएं दी जा रही हैं। सरकार की यह योजना उन बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है जो किसी कारणवश अपने परिवार से अलग हो गए हैं या जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। वृद्धाश्रमों के संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने और सुविधाओं की निगरानी के लिए फ़ेस अटेंडेंस ऐप का उपयोग किया जा रहा है। इस तकनीक के माध्यम से वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की दैनिक उपस्थिति दर्ज की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी लाभार्थी आवश्यक सुविधाओं से वंचित न रहे। योगी सरकार ने वृद्धाश्रमों में रहने वाले संवासियों को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ देने की भी व्यवस्था की है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अलावा, धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए, इन बुजुर्गों के लिए तीर्थाटन की विशेष सुविधा भी प्रदान की जा रही है। सरकार की इस योजना के तहत बुजुर्गों को धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई जाती है, जिससे उन्हें मानसिक शांति और आध्यात्मिक आनंद प्राप्त होता है। अभी हाल ही में बीते महाकुम्भ में योगी सरकार ने मेला क्षेत्र में अस्थाई वृद्धाश्रम के माध्यम से 1500 से ज्यादा बुजुर्गों को महाकुम्भ में स्थान करवाकर उनको पुण्य का भागीदार बनाया। ये सभी बुजुर्ग प्रदेश के अलग-अलग जिलों के वृद्धाश्रमों से योगी सरकार की सुविधा से यहां लाए गए थे। यहां उनके लिए श्रवण कुम्भ के माध्यम से मेडिकल कैंप लगाकर उनका चेकअप किया गया और आवश्यक उपकरण भी बांटे गए। योगी सरकार ने प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के संपत्ति विवाद या अन्य पारिवारिक समस्याओं को देखते हुए सरकार ने तहसील स्तर पर सुलह अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। प्रदेश में कुल 216 सुलह अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है, जो वृद्धजनों की शिकायतों का निवारण कर उन्हें न्याय दिलाने में सहायता कर रहे हैं। इसके अलावा वृद्धाश्रमों के बेहतर प्रबंधन और संचालन के लिए सरकार ने प्रत्येक जिले में कार्यान्वयन समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता जिले के जिलाधिकारी कर रहे हैं। यह समिति वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों को दी जाने वाली सुविधाओं की नियमित निगरानी और आवश्यक सुधार सुनिश्चित कर रही है।

# विधायक ने स्कूल चलो अभियान को दिखाई हरी झंडी

राष्ट्रीय प्रस्तावना





**भरावन ( हरदोई )।** गुरुवार को बीआरसी भरावन से स्कूल चलो अभियान बाइक रैली को संडीला विधायक अलका अर्कवंशी व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने हरी झंड़ी दिखाकर शुभारम्भ किया। साथ ही सेवा निवृत्त शिक्षकों को उपहार देते हुए सम्मानित किया। सेवानिवृत्त शिक्षक सतीश चंद्र चौरसिया, विनोद कुमार सिंह, लाला राम, सुमन डायल को विधायक अलका अर्कवंशी ने छड़ी, छाता, स्मृति चिन्ह, बुके देकर विदाई देते हुए कहा एक शिक्षक शिक्षा के पथ से कभी रिटायर नहीं होता है, शिक्षक हमेशा समाज में बेहतर विचारों पर प्रकाश डालता है व बच्चों को हमेशा शिक्षा देता है, कहा कि गुरुजनों की शिक्षा से ही हम सभी बड़े पदों पर पहुंचते हैं इसलिए शिक्षक का सबसे ऊंचा पद होता है। जिलाध्यक्ष ने कहा शिक्षकों पर काफी जिम्मेदारी होती है, बच्चे कच्ची मिटी की तरह होते हैं इन्हें संजोने का काम शिक्षक करते हैं। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय अतरौली, कंपोजिट विद्यालय राममदारपुर व रामपुर कनौरा के बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। रैली में खुली जिप्सी पर अग्रणी बीईओ ब्रजेश त्रिपाठी व पीछे बाइक से दर्जनों शिक्षक रहे।

कार्यक्रम में बीडीओ सुरेंद्र राणा, सीएचसी अधीक्षक अरविन्द मिश्रा, प्रधान प्रमोद त्रिपाठी, एआरपी रमेश कुमार, अजय सिंह, अनिल कुमार, अचल बाजपाई, सचिन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार पांडे, शिक्षक राधेश्याम, प्रकाश दुबे, जितेंद्र सिंह, पूर्णेंदु राजवंशी, दीनू चौहान, अनुराग कुमार, सत्येंद्र सिंह, सीतांशु पांडे, अरुण सिंह, नरेंद्र, सत्यपाल सिंह, सीमा सिंह, अमिता सिंह फैजी अब्बास, चेतराम, गंगाराम, ऊषा गुप्ता शैलेन्द्र सिंह तथा विवेक पांडे मां शारदा स्कूल भरावन उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में भक्त हुए आनंदित

राष्ट्रीय प्रस्तावना





**हरदोई।** श्री सीताराम सुंदरकांड सत्संग सेवा समिति द्वारा महाराज सिंह पार्क मे हो रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस मे भगवान कृष्ण के जन्ममहोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया सुंदर.सुंदर सी बधाईया सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए और नाचने लगेण् हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, का जयघोश किया गया फूलों की होली के साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्महोत्सव की कथा सुन भक्त आनंदित हुए सभी भक्तो ने पीले वस्त्र पहन कर कन्हैया के जन्म उत्सव को मनाया कथा मे संतोष मिश्रा, मुनेंद्र सिंह, अविनाश मिश्रा, विनीता पाण्डेय, सुनीता श्रीवास्तव, शिवकुमार पाण्डेय, सुधा गुप्ता, अनीता मिश्रा, मुरारी लाल पाठक, आदि लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात चोरों द्वारा दरवाजे का ताला तोड़ नगदी व जेवर पार किये





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**माधौगंज ( हरदोई )।** सेवानिवृत्त शिक्षक के घर में अज्ञात चोरों द्वारा मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ कर दस हजार रुपए सहित सोने के जेवर उठा ले गए।

थाना क्षेत्र के गांव भिठाई निवासी रामविलास का मकान बंद था वह परिवार के साथ कानपुर में रहते है। गांव में मकान बन्द रहता है जिसमें चोरों द्वारा बुधवार की देर रात में मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर मकान में प्रवेश हुए जहां कमरे की अलमारी में नगद दस हजार रुपएए एक जोड़ी सोने के झाला तथा एक अंगूठी लेकर निकल गए। पुलिस को रामविलास ने बताया कि वह अपने पुत्र ओमप्रकाश के पास 21 मार्च को कानपुर गए थे। ओमप्रकाश पशु चिकित्सा अधिकारी हैं तथा उनकी बहू पूनम वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी है। कुछ दिन पूर्व ग्राम रुकनापुर में चार घरों पर चोरों ने धावा बोला था जिसमे दो घरों में चोरी कर लाखो रुपए के गहने व नगदी उठा ले गए थे पुलिस अभी तक उस चोरी का खुलासा नहीं कर पायी । बीती रात थाना क्षेत्र के भिठाई गांव में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर घर की अलमारी में रखे रुपए व जेवर चोरी कर पुलिस को खुली चुनोती दी है। थाना अध्यक्ष वीरबहादुर सिंह ने कहा कि दोनों चोरियों का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## एक देश एक चुनाव विषय पर सामाजिक संगठनों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 7 अप्रैल को लखनऊ मेंः मुकुल सिंह आशा

- सभी सामाजिक संगठनों के सम्मानित साथी गण अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचारों को सुने



मुकुल सिंह आशा

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** एक देश एक चुनाव विषय पर समागम 7 अप्रैल को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सामाजिक संगठनों एनजीओ का एक प्रदेश स्तरीय सम्मेलन हो रहा है जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं।

हरदोई भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक मुकुल सिंह आशा ने सभी सामाजिक संगठनों एनजीओ के साथियों से अनुरोध किया है कि आप सभी लोग ०7 अप्रैल को दोपहर ०3:00 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में पहुंचकर मुख्यमंत्री के विचारों को सुने और एक देश एक चुनाव अभियान में जुड़कर भारत देश को मजबूत करने में सहयोग करें, भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार देश व प्रदेश के अंदर एक समग्र जन आंदोलन बने इस परिपेक्ष में सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित प्रदेश सम्मेलन को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश संबोधित करेंगे आप सभी लोग प्रदेश सम्मेलन में सादर आमंत्रित हैं।

## होली मिलन मे सिरकत करने पहुँचे राज्यमंत्री ने सपा काँग्रेस पर साधा निशाना

**बेनीगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के कोथावा कस्बे



जनसभा को सम्बोधित करते राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

मे स्थिति ग्रामीण ऊच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरी कोथावा मे सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन विधायक रामपाल वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे पहुचे भाजपा के जिलाअध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ही ऐसी पार्टी जो किसी भी कार्यकर्ता को किसी भी पद पर पहुंचा सकती है। सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यअतिथि के रूप मे पहुंचे सदर विधायक एवं स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने आयोजित होली मिलन समारोह मे सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कल का दिन देश के लिए बहुत बड़ा इतिहास था। लोकसभा मे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे वक्फ संसोधन बिल को जो पारित कराया। और उसपे जो बहस हुई। उस बहस पर जो बाते सामने आयी। उसको मानने को कोई भी अन्य विपक्षी पार्टियां अगर तैयार नहीं है। तो यह सब अब नहीं चलेगा। विपक्ष पर निशांना साधते हुए कहा कि पार्टी चाहे समाज़वादी होए या कांग्रेस हो या चाहे कोई और भी दल हो बंगाल मे पार्टी है। लालू की पार्टी है। बिहार मे चुनाव लड़ते है। एक ओवैसी जो हैदराबाद मे रहते है। ऐसे बहुत दल है। जिन्होने एक ही वंश की ही ठेकेदारी ले रखी है। मुसलमानो को पिछले आजादी के करीब 78 वर्ष हो गए। इतने सालो तक जो दल मुसलमानो की ठेकेदारी लेते रहे। उनको डरा व धमकाके जिनका वोट लेके सत्ता मे बैठे रहे आज सबसे ज्यादा परेशानी उन्ही दलो से हो रही है। क्योंकि हम इस बिल के माध्यम से चेंज करना चाहते है। हम बिल के माध्यम से जवाबदेही देना चाहते है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते है। कि बिल के माध्यम से जो निर्धन माहिलायें, यातिम बच्चे जो किसी भी जाति को हो उनका भला हो। फ्रि इस बिल से उन्हें क्या दिक्क़त है। परेशानी उन्ही लोगो को हो रही है। जो किसी दूसरे की जमीन को बेचकर अपनी जेब भरने का काम किया है।यह केंद्र का क़ानून बन रहा है।यह कानून तुमको मानना पड़ेगा। अब किसी भी प्रकार की मनमानी या गुंडागर्दी नहीं चलेगी। जैसे हमारे सविधान मे है। उसी के हिसाब से सभी को चलना पड़ेगा। अगर तुम नहीं मानोगे तो भारत देश से रास्ता खुला है। तुम जा सकते हो। नरेन्द्र मोदी व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना, मुफ्त राशन,प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, कन्या सुमगला योजना जैसी कइ योजनाये चलाकर प्रदेश को प्रगति की ओर ले जा रही है। इस सभा मे रोहित वैश्य, पंकज शुक्ला भाजपा नेता नरेन्द्र सिंह अटिया मझिगवा ने अपने विचार सरकार की उपलब्धियों के विषय मे जनसभा मे बताया। मंच संचालन अजय शुक्ला जिलामंत्री भाजपा हरदोई ने किया

- बालामऊ विधानसभा मे कोथावा के ग्रामीण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे हुआ आयोजन

## अष्टमी व राम नवमी के आयोजनों हेतु तहसील व ब्लॉक स्तरीय बैठकें संपन्न

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में आगामी अष्टमी रामनवमी के अवसर पर जनपद के राम मंदिरों/हनुमान मंदिरों/देवी मंदिरों/वाल्मीकि मंदिरों/शक्तिपीठों में भजन/ कीर्तन/पाठ किया जाना है। इसके आयोजन हेतु जनपद, तहसील व ब्लॉक स्तर पर समितियों का गठन किया गया। तहसील व ब्लॉक स्तरीय समितियों की बैठके कर ली गयी हैं। तहसील स्तर की समिति उप जिलाधिकारी व ब्लॉक स्तर की समिति खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कार्य करेगी। जनपद में कार्यक्रमों के सफ्ल आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। जिला स्तरीय आयोजन समिति की बैठक 4 अप्रैल को ०2:00 बजे विवेकानंद सभागार में होगी। सभी सम्बंधित मंदिरों पर साफ-सफाई व अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

## दुकानों की नीलामी 24 अप्रैल को: अरुणिमा श्रीवास्तव

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** उप जिलाधिकारी संडीला अरुणिमा श्रीवास्तव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु तहसील परिसर स्थित दो दुकानों फोटो स्टेट व स्टेशनरी कार्य हेतु की नीलामी 24 अप्रैल को प्रातः 11 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डीला के कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। इच्छुक बोली दाता निर्धारित जमानत राशि के रूप में नायब नाजिर तहसील सण्डीला के पास जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उप जिलाधिकारी में निहित रहेगा। नीलाम क्रेता को धनराशि का चौथाई भाग तुंरत तथा शेष धनराशि 15 दिन के अन्दर जमा करनी होगी। विस्तृत / अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में नायब नाजिर सण्डीला से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

## 06 अप्रैल तक निविदा आमंत्रित

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम ने सूचित किया है कि ब्लाक बिलग्राम के अन्तर्गत संचालित 19 स्थायी/अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित 2124 गौवंशों के भरण पोषण हेतु वर्ष 2025.26 में प्रतिमाह 38763 कुन्तल भूसा क्रय करने हेतु जेम पोर्टल पर 06 अप्रैल 2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है और भूसा की अधिकतम दर रू0.790द्द प्रति कुन्तल तक होगी। उन्होने कहा कि कान्ट्रेक्ट पर उक्त गोवंश आश्रय स्थालों पर भूसा पहुंचाने के इच्छुक लोग निर्धारित तिथि तक दोपहर 12 बजे तक जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा डाले।

# भक्तों ने धूमधाम से निकाली साईं पालकी शोभायात्रा

राष्ट्रीय प्रस्तावना





**मल्लावाँ ( हरदोई )।** साईं मंदिर श्यामपुर के 16 वें वर्ष के स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में साईं भक्तों द्वारा धूमधाम से साईं पालकी को सजा कर पूरे नगर में शोभा यात्रा निकाली गई तथा कन्या भोज एवं भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

साईं बाबा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में गुरुवार को प्रातः काल ०5:०० बजे साईं नाथ का मंगल स्नान कराने के पश्चात विधि-विधान पूर्वक सामूहिक हवन का कार्यक्रम मंदिर के पुजारी आचार्य विकास तिवारी ने मुख्य यजमान मंदिर के संस्थापक महेश सिंह एवं मीनू सिंह अर्कवंशी दिल्ली के द्वारा संपन्न कराया। इसके पश्चात साईं बाबा की पालकी को सजाकर धूमधाम से शोभा यात्रा भक्तों द्वारा निकाली गई जिसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता एवं माता मानदेवी देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र गुप्ता एवं समाजसेवी विशाल जायसवाल ने किया। पालकी शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे फूल वर्षा एवं गुलाल उड़ाते हुए डीजे द्वारा बज रहे भजनों पर थिरकते एवं भजन गाते हुए चल रहे थे। भजनों में शिरडी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पर सवाली, शिरडी में उड़े रे गुलाल बाबा का जवाब नहीं, साईं नाथ तेरे हजारों हाथ आदि भजनों से पूरे नगर में भक्ति का माहौल छा गया। शोभायात्रा में महेश गुप्ता श्यामपुर, विजय त्रिपाठी बंदीपुर, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक एवं गौरव पाठक बड़ी बाजार, विपिन सोनी प्रबंधक-कैरियर पब्लिक स्कूल, समाजसेवी विशाल जायसवाल एवं रागिनी जायसवाल, छोटू पाल, आशीष गुप्ता, सत्यसील पांडे, सपा नेता बृजेश कुमार वर्मा उर्फ टिल्लू भैया, राहुल पटेल आदि कई भक्तों ने बाबा का पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा के पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचने पर कन्या भोज के उपरांत भंडारे का आयोजन संपन्न किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपना जीवन धन्य बनाया। पालकी शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में थाना मल्लावां के कोतवाल अनिल कुमार सैनी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

पालकी शोभा यात्रा को सफल बनाने में महेश सिंह अर्कवंशी, मीनू सिंह अर्कवंशी, मंदिर के व्यवस्थापक गौरव सोनी एवं सियाराम अर्कवंशी, रामकिशन, अनिल अर्कवंशी सत्य शील पांडे, महेश गुप्ता, धीरज सोनी, मनीष वर्मा, आकाश ओमर निक्की, राम भरोसे गौड़, लव कुश पटेल, सरोज अर्कवंशी, आर्यन, सम्राट सोनी, रवि सैनी, अंशु सिंह पटेल, हर्षित, धीरू अर्कवंशी, अखिलेश, अमर सिंह, भोला सैनी, रोहित पटेल सहित कई भक्तों का विशेष योगदान रहा।

## उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मान देते हुए दी गई विदाई





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**मल्लावाँ ( हरदोई )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले विकास क्षेत्र मल्लावां के सेवानिवृत शिक्षकों को एवं आरपी का कार्यकाल पूर्ण होने के क्रम में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शिव शंकर पांडे प्रांतीय कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं विशिष्ट अतिथि अक्षत पांडे जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री विपिन कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर ब्लॉक के सैकड़ो शिक्षकों के मध्य में सेवानिवृत हुए शिक्षक रवींद्र कुमार एवं राम कुमार के सेवानिवृत होने पर ढेर सारे उपहारो के सम्मानित किया गया इस मौके पर प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडे ने कहा कि शिक्षक कभी सेवा निवृत नहीं होता शिक्षक की योग्यता अंत समय तक चलती है। शिक्षक ही समाज का असली मार्गदर्शक होता है और वह जीवन भर समाज को दिशा देता रहता है। जिला अध्यक्ष अक्षय पांडे ने कहा शिक्षकों की कोई भी समस्या हो ब्लॉक इकाई के माध्यम से अवगत कराए मैं उसका अवश्य निराकरण करूंगा। एआरपी का कार्यकाल पूर्ण करने वाले दिलीप द्विवेदी मृदुल एवं योगेश कुमार वर्मा को भी माल्यार्पण एवं विभिन्न उपहार प्रदान किए गए। मंच का संचालन शिक्षक प्रवीण कुमार ने किया।

इस मौके पर कार्यक्रम आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार सिंह, शिवेंद्र सिंह, अनुपम, बृजेश, मकरंद, श्रीकृष्ण, रमेश चंद्र, वीरेंद्र, तौहीद, महेंद्र,आदर्श कुमार सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## भाई की हत्या के मामले में हरपालपुर पुलिस नहीं कर रही कार्यवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना



पीड़ित

- पीड़ित ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर न्याय के लिए भूख हड़ताल पर बैठने की दी चेतावनी
- आरोपित कई बार बेटे तथा भाभी पर प्राण घातक हमले कर चुके हैं।

**हरपालपुर ( हरदोई )।** दलित पीड़ित ने उपजिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर गैर इरादतन हत्या के मामले में हरपालपुर पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही न होने के कारण भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के बम्टापुर नंदबाग गांव निवासी दलित भैयालाल उर्फचमन बाबू ने उप जिला अधिकारी सवयाजपुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया जमीनी रंजिश में मारपीट में चुटहिल उसके भाई रामनाथ उर्फ जोकर की करीब चार माह पूर्व 15 नवंबर को मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। जिसमें सिर में चोटें आने की पुष्टि होने पर मामले में गांव के ही रनवीर, सुधीर, बबलू, सुनील समेत 8 लोगों के खिलाफगैर इरादतन हत्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पीड़ित का आरोप है कि मामले में हरपालपुर कोतवाली पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। और मुकदमे में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस दौरान विपक्षियों द्वारा कई बार उसके बेटे विजयवीर तथा भाभी शशि के ऊपर मारपीट तथा प्राण घातक हमले किए जा चुके हैं। न्याय न मिलने से आहत पीड़ित ने कहा वह मजबूर होकर अब भूख हड़ताल पर बैठेगा। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया मामले में जांच की जा रही है।

## जरेली से हसैयामऊ रोड 5 साल से जर्जर गड्ढों में तब्दील

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत जरेली के मजरा हसैयामऊ को जाने वाली सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार पिछले 5 साल से सड़क की दुर्दशा जस की तस बनी हुई है। सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिससे आवागमन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

ग्रामीण मोदी राठौर सेना के प्रवक्ता बृजेश राठौर व दयाराम, रिंकू, लालजीत, नवी मोहम्मद, तौहीद खां, नीरज राठौर आदि सैकड़ों ग्रामीणों का कहना है कि इस खस्ताहाल सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। स्थानीय लोगों ने इस समस्या का समाधान के लिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कई बार शिकायत दर्ज कराई हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की उदासीनता के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। सड़क इस दयनीय स्थिति से न केवल स्थानीय यातायात प्रभावित हो रहा हैएबल्कि आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस की पहुंच व बच्चों को स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है की बरसात के मौसम में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती हैए जब ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं और दुर्घटना का जोखिम कई गुना बढ़ता जा रहा है।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम हिमांशु से बदलकर सत्यम रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

सत्यम पुत्र रामचंद्र, निवासी-मोहल्ला नवाबगंज, पोस्ट-साण्डी, जनपद-हरदोई।

# जल-थल में प्लास्टिक

तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। यह बात अलग है कि कई निष्कर्षों को लेकर विदेशी बाजार व कारोबारियों के लक्ष्य भी होते हैं। चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। ऐसा ही एक अध्ययन जर्मन ब्रिटिश अकादमिक कंपनी स्प्रिंग नेचर द्वारा एक पर्यावरण विषयक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए। इस दिशा में न केवल केरल बल्कि अन्य राज्यों में भी ऐसे ही अध्ययन होने चाहिए। वैसे तो एक खास वर्ग ही बोतलबंद पानी का उपयोग करता है, लेकिन पानी के अन्य स्रोतों का भी गंभीर अध्ययन किया जाना चाहिये। इसमें सरकारी जल आपूर्ति को भी शामिल करना जरूरी है। हमारे जीवन में जहर घोल रहे माइक्रोप्लास्टिक के हवा व पेड़-पौधों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर भी कई अध्ययन सामने आए हैं। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। सर्वविदित है कि देश के नीति-नियंताओं की कार्यस्थली दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी है। कमोबेश देश के कई अन्य शहर भी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। प्रदूषण के कारण प्लास्टिक कण हमारी जीवन प्रत्याशा को घटा रहे हैं और कैंसर जैसे कई घातक रोग साथ में दे रहे हैं। विडंबना देखिये न तो सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत हैं और न ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जनता जागरूक है। वहीं मुफ्त की रेवड़ियों की आस रखने वाले मतदाता इस गंभीर संकट को चुनावी मुद्दा बनाने की बात कभी नहीं करते। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं,लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है।

**चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। ऐसा ही एक अध्ययन जर्मन ब्रिटिश अकादमिक कंपनी स्प्रिंग नेचर द्वारा एक पर्यावरण विषयक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है।**

# जिस अमेरिका में अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार वह भारत पर उठा रहा प्रश्न?

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

संयुक्त राज्य आयोग अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता यानी अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर चिंता जताते हुए भारत पर यह आरोप लगाया है कि यहां रह रहे अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर मुस्लिम और ईसाई समुदायों के साथ भेदभाव और बुरा व्यवहार हो रहा है। उन पर अत्याचार हो रहे हैं। अब इस रिपोर्ट के आने के बाद यह पूरी तरह से स्पष्ट हो चुका है कि भले ही अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हो गया हो और जो बाइडेन के स्थान पर डोनाल्ड ट्रंप वहां राष्ट्रपति बन गए हैं, किंतु अमेरिका प्रशासन के भारत को लेकर नकारात्मक नजरिए में कोई बदला नहीं आया है। क्या यह पहली बार है जब वाशिंगटन डीसी स्थित यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) इस तरह की रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहा है, पिछले वर्ष दो अक्टूबर को भारत पर उसने 'धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति में गिरावट' को चिह्नित करने के नाम पर कई आरोप लगाए थे। यदि इसके पूर्व 2023 की रिपोर्ट देखें तो इस अमेरिकी आयोग ने भारत पर यह आरोप मड़ा था कि भारत सरकार द्वारा विदेशों में कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और वकीलों को चुप कराने के प्रयास धार्मिक स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। भारत द्वारा धर्म या आस्था की स्वतंत्रता के व्यवस्थित, निरंतर और गंभीर उल्लंघन के कारण वह अमेरिकी विदेश विभाग से भारत को विशेष चिंता वाला देश (सीपीसी) घोषित करने का अनुरोध करता है। इतना ही नहीं इस संस्थान की धृष्टता देखिए कि बिना किसी साक्ष्य के होते हुए भी यूएससीआईआरएफ के आयुक्त स्टीफन श्नेक ने कहा था, ''कनाडा में सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और संयुक्त राज्य अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारत सरकार की कथित संलिप्तता बेहद परेशान करने वाली है और यह भारत के अपने देश और विदेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों और मानवाधिकार रक्षकों को चुप कराने के प्रयासों में गंभीर वृद्धि को दर्शाता है।'' 2020 की रिपोर्ट में, यूएससीआईआरएफ ने कहा कि ''भारत ने 2019 में तीव्र गिरावट दर्ज की। राष्ट्रीय सरकार ने अपने मजबूत संसदीय बहुमत का इस्तेमाल राष्ट्रीय स्तर की नीतियों को लागू करने के लिए किया, जो पूरे भारत में धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करती हैं, खासकर मुसलमानों के लिए। इसने कहा कि भारत के मुसलमानों के खिलाफ नरेन्द्र मोदी सरकार का पूर्वाग्रह नागरिकता कानूनों, गोहत्या, कश्मीर और धर्मांतरण पर भारत के कार्यों के माध्यम से दिख रहा है। रिपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या फैसले और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के आचरण का उल्लेख किया गया है। इसने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सिफारिश की कि वह भारत को ''अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम द्वारा परिभाषित व्यवस्थित, चल रहे और गंभीर धार्मिक स्वतंत्रता उल्लंघनों में संलग्न होने और सहन करने के लिए विशेष चिंता वाले देश के रूप में नामित करें।'' इसने भारत के खिलाफ प्रतिबंधों की मांग की। इस यूएससीआईआरएफ संगठन ने 2020 से हर साल यह सिफारिश की है कि अमेरिकी विदेश विभाग भारत को सीपीसी के रूप में नामित करे। सिर्फ 2020 ही क्यों, इसके पहले 2019-18 या इससे पूर्व की एससीआईआरएफ की जारी रिपोर्ट देखी जा सकती हैं, जिसमें बार-बार भारत के

**भारत में अपने अल्पसंख्यकों के लिए उदात्तता का इससे बड़ा क्या उदाहरण हो सकता है कि आज भी उसकी दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या (मुस्लिम) यहां अल्पसंख्यक है। ईसाई-मुस्लिम लगातार कन्वर्जन के विरोध में तमाम कानून होने के बाद भी सफल हो रहे हैं। उसके रिलीजियस संस्थानों पर कोई टैक्स नहीं लगता, उल्टे मुल्ला-मौलवियों को हर साल कई हजार करोड़ की राशि वेतन के रूप में दी जा रही है। बच्चों को विशेष सुविधाएं, रोजगार के कई अवसर योजनाओं के माध्यम से उन्हें यहां उपलब्ध कराए जा रहे हैं।**

बहुसंख्यक हिन्दू समाज पर निशाना साधते उसे भयंकर रूप से हिंसक बताते हुए अपराधी घोषित किया गया है। किंतु भारत की उसके उलट हकीकत क्या है वह यह है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 के तहत धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को विशेष अधिकार दिए गए हैं। इन अधिकारों के ज़रिए अल्पसंख्यकों की संस्कृति और शैक्षणिक संस्थाओं को संरक्षित किया जाता है। भारत में अपने अल्पसंख्यकों के लिए उदात्तता का इससे बड़ा क्या उदाहरण हो सकता है कि आज भी उसकी दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या (मुस्लिम) यहां अल्पसंख्यक है। ईसाई-मुस्लिम लगातार कन्वर्जन के विरोध में तमाम कानून होने के बाद भी सफल हो रहे हैं। उसके रिलीजियस संस्थानों पर कोई टैक्स नहीं लगता, उल्टे मुल्ला-मौलवियों को हर साल कई हजार करोड़ की राशि वेतन के रूप में दी जा रही है। बच्चों को विशेष सुविधाएं, रोजगार के कई अवसर योजनाओं के माध्यम से उन्हें यहां उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वे बड़े-बड़े माइक लगाकर सार्वजनिक रूप से हर दिन पांच बार यह घोषणा कर रहे हैं कि उनका अल्लाह ही सबसे बड़ा है और सिर्फ उसी की प्रार्थना करना चाहिए। वह गैर मुसलिमों (काफिरों) के लिए ऐसा बहुत कुछ बोलते हैं, जो नहीं बोला जाना चाहिए, फिर भी यहां का बहुसंख्यक समाज उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर रहता है। वे बहुसंख्यक समाज पर जब चाहें, जहां चाहें इकट्ठा होकर हमला कर देते हैं, फिर भी उनके अधिकारों में कोई कटौती नहीं होती। इतना सब होते हुए भी ये अमेरिका है कि भारत के बहुसंख्यक समाज हिन्दू को ही कटघरे में खड़ा करने का काम करता है! यहां यह देखकर भी आश्चर्य होता है कि कानूनन हर साल अमेरिकी सरकार जो सदन में अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर रिपोर्ट पेश करती है, अपने यहां और अमेरिका खुद कैसे दुनिया के देशों पर अत्याचार करता है, रिपोर्ट में उसका कोई जिक्र तक नहीं करता। उल्टा यह दावा करता है कि इसका मूल्यांकन वैश्विक मानवाधिकार मानकों और विशेष रूप से मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद 18 पर आधारित है, जिसमें कहा गया है, ''हर किसी को विचार, विवेक और धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार है; इस अधिकार में अपने धर्म या विश्वास को बदलने की स्वतंत्रता और अकेले या दूसरों के साथ समुदाय में और सार्वजनिक या निजी रूप से, शिक्षण, अभ्यास, पूजा और पालन में अपने धर्म या विश्वास को प्रकट करने की स्वतंत्रता शामिल है। आश्चर्य होता है ये जानकर कि अमेरिका अपनी गिरेबान में नहीं झांकना चाहता। भारतीय मूल के बच्चों और लोगों के खिलाफ अमेरिका में लगातार नफरत बढ़ रही है। हिन्दू मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है। यहां तक कि भारतीय दूतावासों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। यहां ये प्रमाण है कि हिंदूफोबिया वास्तविक है। लगातार मंदिरों और भारतीयों पर हमलों की खबरें आ रही हैं। पिछले तीन साल में अमेरिका में 10 बड़े हमले मंदिरों पर किए गए। साथ ही अत्यधिक अभद्र भाषा का उपयोग किया गया। वैसे हर लोकतात्रिक शासन प्रणाली का यह कर्तव्य है कि वह अपने यहां रह रहे सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा सुनिश्चित करे। लेकिन अमेरिका में आज हिंदू अल्पसंख्यकों के ऊपर हमले हो रहे हैं और उन्हें रोकने में यहां की सरकार असफल साबित हो रही है, इसके बाद भी वह उल्टा ज्ञान भारत को दे रहा है! अमेरिकी थिंक टैंक- कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस का सर्वे दावा करता है कि अमेरिका में रहने वाले भारतीयों ने हिंदूफोबिया झेल रहे है। खुद फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन ने माना कि एंटी-हिंदू हेट क्राइम लगातार यूएस में बढ़े हैं। खासकर जिन इलाकों में हिंदू आबादी कम हैं, वहां उन्हें रेसिस्ट कमेंट या मारपीट का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा अमेरिकी रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन नेटवर्क कंटेजियन रिसर्च इंस्टीट्यूट का भी ये दावा सामने आ चुका है कि बीते समय में तेजी से एंटी-हिंदू नैरेटिव तैयार हुआ और हिंदुओं पर हमले में थोड़ी-बहुत नहीं, लगभग हजार गुना तेजी आई। इंस्टीट्यूट ने ये भी माना कि इन घटनाओं में किसी एक नस्ल या तबके का हाथ नहीं, बल्कि ये मिल-जुलकर किया जा रहा हेट-क्राइम है, इसे मुस्लिम और खुद को सबसे बेहतर मानने वाले श्वेत नस्ल के लोग, दोनों ही कर रहे हैं। हिन्दूफोबिया यहां किस तरह से हावी होता दिख रहा है, वह बीते वर्षों में इस घटना से समझा जा सकता है, न्यूयॉर्क के साउथ रिचमंड हिल्स में लगी महात्मा गांधी की मूर्ति को न केवल तोड़ा-फोड़ा गया, बल्कि स्प्रे पेंट से उसपर अश्लील भाषा भी लिख दी गई थी। हिन्दुओं के कपड़ों या धार्मिक सोच पर कमेंट हो रहे हैं, यहां तक कि उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए कहा जा रहा है।

# भंवरों को देवी है जीण माता

**(नवरात्रि विशेष)**

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के सीकर-जयपुर मार्ग पर गोरिया के पास जीणमाता गांव में देवी स्वरूपा जीण माता का प्राचीन मंदिर है। जीण माता का वास्तविक नाम जयन्ती माता है। माता दुर्गा की अवतार हैं। यह मंदिर शक्ति की देवी को समर्पित है। घने जंगल से घिरा हुआ है यह मंदिर तीन छोटी पहाड़ों के संगम पर स्थित है। जीण माता का यह मन्दिर बहुत प्राचीन शक्तिपीठ है। जीण माता का मंदिर दक्षिण मुखी है। लेकिन मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व में है। मंदिर की दीवारों पर तांत्रिकों व वाममार्गियों की मूर्तियां लगी है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि उक्त सिद्धांत के मतावलंबियों का इस मंदिर पर कभी अधिकार रहा हो या उनकी यह साधना स्थली रही हो। मंदिर के देवायतन का द्वार सभा मंडप में पश्चिम की ओर है। यहां जीण भगवती की अष्टभुजी आदमकद मूर्ति प्रतिष्ठापित है। सभा मंडप पहाड़ के नीचे है। मंदिर में ही एक और मंदिर है जिसे गुफा कहा जाता है। जहां जगदेव पंवार का पीतल का सिर और कंकाली माता की मूर्ति है। मंदिर के पश्चिम में महात्मा का तप स्थान है जो धुणा के नाम से प्रसिद्ध है। लोगों का मानना है कि यह मंदिर एक हजार साल पुराना है। लेकिन कई इतिहासकार आठवीं सदी में जीण माता मंदिर का निर्माण काल मानते हैं। मंदिर में अलग-अलग आठ शिलालेख हैं जो मंदिर की प्राचीनतम के सबल प्रमाण है। इन शिलालेखों में सबसे पुराना संवत 1029 का है। उस पर मंदिर के निर्माण का समय नहीं लिखा गया है। चैहान चन्द्रिका नामक पुस्तक में इस मंदिर को 9 वीं शताब्दी से पूर्व का बताया गया है। एक जनश्रुति के अनुसार देवी जीण माता ने सबसे बड़ा चमत्कार मुगल बादशाह औरंगजेब को दिखाया था।

**मंदिर के देवायतन का द्वार सभा मंडप में पश्चिम की ओर है। यहां जीण भगवती की अष्टभुजी आदमकद मूर्ति प्रतिष्ठापित है। सभा मंडप पहाड़ के नीचे है। मंदिर में ही एक और मंदिर है जिसे गुफा कहा जाता है। जहां जगदेव पंवार का पीतल का सिर और कंकाली माता की मूर्ति है। मंदिर के पश्चिम में महात्मा का तप स्थान है जो धुणा के नाम से प्रसिद्ध है। लोगों का मानना है कि यह मंदिर एक हजार साल पुराना है। लेकिन कई इतिहासकार आठवीं सदी में जीण माता मंदिर का निर्माण काल मानते हैं।**

औरंगजेब ने शेखावाटी के मंदिरों को तोड़ने के लिए एक विशाल सेना भेजी । यह सेना हर्ष पर्वत पर शिव व हर्षनाथ भैरव का मंदिर खंडित कर जीण मंदिर को खंडित करने आगे बढ़ी तो कहते है कि मन्दिर के पुजारियों के आर्त स्वर में मां से विनय करने पर मां जीण ने भंवरे (बड़ी मधुमखियां) छोड़ दीं जिनके आक्रमण से औरंगजेब की शाही सेना लहूलुहान हो भाग खड़ी हुई। कहते है स्वयं बादशाह की हालत बहुत गंभीर हो गई। तब बादशाह ने हाथ जोड़ कर मां जीण से क्षमायाचना कर मां के मंदिर में अखंड दीप के लिए दिल्ली से सवामण तेल भेजने का वचन दिया। कई वर्षों तक माता के मन्दिर में दीपक के लिए दिल्ली से तेल आता रहा फिर दिल्ली के बजाय जयपुर से आने लगा। बाद में जयपुर महाराजा ने इस तेल को मासिक के बजाय वर्ष में दो बार नवरात्रि के समय भिजवाना आरम्भ कर दिया। और महाराजा मान सिंह के समय तेल के स्थान पर नगद 20 रुपये 3 आने प्रतिमाह कर दिए। जो निरंतर प्राप्त होते रहे। औरंगजेब को चमत्कार दिखाने के बाद जीण माता भंवरों की देवी भी कही जाने लगी। हमारे देश में दुर्गा मां को शक्ति की देवी के रूप में पूजा जाता है। दुर्गा मां के कई रूप और अवतार हैं। पूरे भारत में नवरात्रि के अवसर पर माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ती है। आस्था से भरे इस देश में माता का स्थान सबसे ऊपर है। जीण माता देवी शक्ति है जो सदियों से लेकर आज तक लगातार आराध्य देवी के रूप में पूजी जाती हैं। जीण माता मंदिर में हर वर्ष चैत्र सुदी एकम् से नवमी (नवरात्रि में) व आसोज सुदी एकम से नवमी में दो विशाल मेले लगते हैं। जिनमें देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है। जीणमाता मेले के अवसर पर राजस्थान के बाह्य अंचल से भी अनेक लोग आते हैं। मन्दिर में बारह मास अखण्डदीप जलता रहता है। हर मंदिर के कपाट चंद्र ग्रहण के दौरान बंद रहते हैं। इसका कारण यह है कि चंद्र ग्रहण के दौरान नकारात्मक शक्तियां बढ़ जाती हैं और सकारात्मक शक्तियां कमजोर पड़ जाती हैं। इसलिए मान्यता है कि अगर मंदिर के कपाट खुले रखेंगे तो मंदिर में बुरी शक्तियों का वास होगा। लेकिन शक्तिपीठ जीण माता मंदिर के कपाट हमेशा खुले रहते हैं। इस मंदिर के कपाट कभी भी बंद नहीं होते हैं। राजस्थान का यह एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां 24 घंटे भक्त मां जीण भवानी के दर्शन करते हैं। लोक कथाओं के अनुसार जीण माता का जन्म (अवतार) राजस्थान के चूरू जिले के घांघू गांव के अधिपति एक चौहान वंश के राजा घंघ के घर में हुआ था। जीण माता के बड़े भाई का नाम हर्ष था। माता जीण को शक्ति का अवतार माना गया है और हर्ष को भगवान शिव का अवतार माना गया है। कहते हैं कि दोनों बहन भाइयों में बहुत स्नेह था। लेकिन किसी बात पर दोनों मनमुटाव हो गया। तब जीण माता यहां आकर तपस्या करने लगी। पीछे-पीछे हर्षनाथ भी अपनी लाडली बहन को मनाने के लिए आए। लेकिन जीण माता जिद कर साथ जाने से मना कर दिया। हर्षनाथ का मन बहुत उदास हो गया और वे भी वहां से कुछ दूर जाकर तपस्या करने लगे। दोनों भाई बहन के बीच हुई बातचीत का सुलभ वर्णन आज भी राजस्थान के लोक गीतों में मिलता है। भगवन हर्षनाथ का भव्य मन्दिर आज भी राजस्थान की अरावली पर्वतमाला में स्थित है। जीण भवानी की सुबह चार बजे मंगला आरती होती है। आठ बजे शृंगार के बाद आरती होती है व सायं सात बजे आरती होती है। दोनों आरतियों के बाद भोग (चावल) का वितरण होता है। माता के मन्दिर में प्रत्येक दिन आरती समयानुसार होती है। चन्द्रग्रहण और सूर्य ग्रहण के समय भी आरती अपने समय पर होती है। हर महीने शुक्ल पक्ष की अष्टमी को विशेष आरती व प्रसाद का वितरण होता है। माता के मन्दिर के गर्भ गृह के द्वार (दरवाजे) 24 घंटे खुले रहते हैं। केवल शृंगार के समय पर्दा लगाया जाता है। हर वर्ष शरद पूर्णिमा को मन्दिर में विशेष उत्सव मनाया जाता है। जीणमाता मंदिर से काजल शिखर की 300 फीट ऊंचाई पर है। बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाओं, बच्चों का यहां पहुंच पाना मुश्किल रहता था। इन सबकी सुविधा के लिए अब रोप-वे शुरू हो गया है। शिखर तक पहुंचने में अब तक 2 घंटे लगते थे। लेकिन रोप-वे से ये दूरी 5 मिनट में तय हो जाती है।

# मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहीम का आह्वान

ललित गर्ग

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गर्माये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है। संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढ़ेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने

**दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया।**

वाले हैं और साल 2027 की शुरुआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है-यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है। सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं। दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल 'अखंड भारत' के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। निश्चित ही होसबले के बोल से जहां हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा को बल मिला है, वहीं राष्ट्रीयता भी मजबूत होती हुई दिख रही है। संघ की स्थापना भी इसी उद्देश्य एवं राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो न जाये, हिन्दू समाज पर रह-रह हो रहे हमले रूके, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास विराम पाये-इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने की दृष्टि से होसबले ने जगाया है, चेताया है, संगठित होने का आह्वान किया है। निश्चित तौर पर इन दोनों मन्दिर मुद्दों को नए सिरे से हवा देने की इस कवायद ने संघ विरोधियों एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के सामने एक नई गंभीर चुनौती पेश की है। खासकर यह देखते हुए कि अयोध्या की रणनीतिक सफलता ने हिंदुत्व की राजनीति का आधार मजबूत किया है, हिन्दुओं को संगठित किया है। मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच संघ की तरफ से पहले भी कई बयान आते रहे हैं। ये बयान दर्शाते हैं कि संघ भले ही सीधे-सीधे विवाद से खुद को भले ही अलग रखता हो, वैचारिक रूप से वह इनको पूरा समर्थन देता है। संघ का समर्थन देश को अराजक बनाने का कभी नहीं रहा, उसके सामने बड़ा लक्ष्य देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भी है। बांग्लादेश समेत कई पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी शक्तियां नए सिरे से सक्रिय होने लगी हैं, उनसे लड़ने की ताकत एवं रणनीति भी संघ चाहता है। संघ सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत के आदर्श को आकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा, शासन में सहभागिता से लेकर ग्रामीण विकास तक, राष्ट्रीय जीवन का कोई भी पहलू संघ के स्वयंसेवकों से अछूता नहीं है। सौ वर्षों की संघ यात्रा हिन्दू एकता, विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य के संकल्प के साथ-साथ काशी-मथुरा के मुद्दे से भी जुड़ी है। हिंदुओं को बचाने और उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ देश सेवा में तत्पर करने के लिये उनकी आस्था एवं अस्तित्व पर लगे घावों को तो भरना ही होगा।

# दूसरे जनपदों में गेहूं का अवैध संचरण ना होने पाए : डीएम

- गेहूं खरीद में प्रगति लाने के लिए व्यापारियों के साथ बैठक कर दिए दिशा निर्देश
- चिन्हित गोदामों के अलावा कहीं और ना करें गेहूं का भंडारण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर। रबी विपणन वर्ष 2025/26 के तहत गेहूं क्रय में प्रगति लाए जाने के लिए जनपद के समस्त फ्लोर मिलर्स,गेहूं प्रोसेसर्स, होल सेलर, स्टाकिस्ट,आढ़तियों एवं,ट्रेडर्स के साथ डीएम धनमेंद्र प्रताप सिंह ने बैठक की।उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में दूसरे जनपदों में गेहूं का अवैध संचरण नहीं होना चाहिए।

जिलाधिकारी धन्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई उच्चस्तरीय बैठक में डीएम ने स्पष्ट कर दिया कि गैर जनपदों में गेहूं का अवैध संचरण नहीं होना चाहिए।जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पाण्डेय ने बताया कि शासन की ओर से जनपद का कार्यकारी लक्ष्य 155500 टन निर्धारित किया गया है जिसमे अब तक 184 टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है।निर्धारित मानक से अधिक नमी का गेहूं आवक होने के कारण क्रय में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है।जनपद में गेहूं खरीद लक्ष्य के अनुरूप किए जाने के लिए समस्त व्यापारियों को नियमानुसार गेहूं के भंडारण एवं संचरण और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2475 रुपए प्रति क्विंटल की दर से क्रय किया जाय।

डीएम धनमेंद्र प्रताप सिंह ने निर्देशित किया कि व्यापारी चिन्हित गोदामों के अलावा कहीं और भंडारण ना करें।अगर अवैध भंडारण पाया गया तो सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।गेहूं विक्रय के लिए 16657 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है।

डीएम ने समस्त एसडीएम और मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि दूसरे जनपदों में गेहूं का अवैध संचरण रोकने हेतु बैरियर लगाकर कर्मचारियों की तैनाती कर निगरानी रखी जाए।जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में बंडा के ररूआ गांव और निगोही के कबीरपुर झोटूपुर गांव में एक एक क्रय केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

## दो माफियाओ को गिरोहबंध मे हुई कठोर कारावास की सजा, और जुर्माना

बांदा। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने बताया कि जनपद के थाना गिरवां के प्रभारी निरीक्षक नंदराम प्रजापति ने 13 अप्रैल 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई कि गजोधर प्रजापति उर्फ जागेंद्र पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम मोहनपुरवा थाना मतौन्ध जनपद बांदा व अशोक वर्मा पुत्र गंगाराम निवासी रुपनगर थाना चरखारी जनपद महोबा का एक संगठित गिरोह हैं जिनके विरुद्ध थाना मटौन्ध में धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप अपर सत्र विशेष न्यायाधीश एडीजे पंचम गैंगस्टर कोर्ट द्वारा अभियुक्त को 02 वर्ष 03 माह के कठोर कारावास एवं 6000 /रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। गैंगस्टर की विवेचना निरीक्षक अनूप कुमार दुबे द्वारा संपादित की गई थी। जिस पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी करके पैरोकार विजय कुमार कोर्ट मोहर्रिर रूबी पाल व अमित राजपूत विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह के द्वारा कड़ी मेहनत करने के बाद अभियुक्त को सजा दिलायी गईं। इनका एक संगठित गिरोह हैं।

# जेल अधीक्षक शाहजहांपुर का हुआ प्रमोशन बने वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्रेणी-1

- जिला कारागार शाहजहांपुर में तैनात जेल अधीक्षक मिजाजी लाल का हुआ प्रमोशन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर। ज्ञातव्य है कि शासन में उच्च स्तरीय विभागीय प्रोन्नति समिति की दिनांक 28 मार्च 2025 को बैठक हुई। जिसमें वरिष्ठता एवं सर्विस रिकॉर्ड के आधार पर प्रोन्नति हेतु विचार किया गया जिसमें जेल अधीक्षक मिजाजी लाल का पूरा सर्विस रिकॉर्ड बेदाग पाया गया और उन्हें प्रोन्नति प्रदान कर दी गई। प्रोन्नति उपरांत अब उनका पद वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्रेणी 1 हो गया।

श्री मिजाजी लाल का संपूर्ण सेवा रिकॉर्ड बहुत सराहनी रहा है उन्हें अब तक राष्ट्रपति पदक राज्यपाल पदक पुलिस महानिदेशक के तीनों पदक जिसमें सिल्वर गोल्ड एवं डायमंड शामिल है मिल चुके हैं साथ ही साथ उन्हें अनेक अनेक पुलिस महानिदेशक के प्रशस्ति पत्र जिले में तैनाती के दौरान जिला अध्यक्ष जिला मजिस्ट्रेट आज सभी के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाते रहे हैं इसके अतिरिक्त उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार में अनेक मंत्रियों द्वारा भी सम्मानित किया गया है उन्हें विगत वर्ष केंद्रीय मंत्री श्री महेंद्र नाथ पांडे के द्वारा कन्वेंशन हाल, नई दिल्ली में सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया था अनेक अनेक अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अनेक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठन एवं औद्योगिक घरानों के द्वारा भी सम्मानित किया जाता रहा है।

प्रदेश में उन्हें जेल सुधारो के लिए जाना जाता है। उनके कार्यकाल में उनकी तैनाती प्रदेश की अति संवेदनशील जेलों पर की गई किंतु उनके अथक परिश्रम एवं विवेकपूर्ण तरीके से कार्य करने के कारण सभी का कुशल संचालन किया और वहां की समस्याओं का समाधान किया चाहे वह बागपत और मुजफ्फरनगर की कुछ उच्च अपराध की श्रेणी वाली जिले हो चाहे सोनभद्र जैसी नक्सल प्रभावित इलाके की जेल हो, उनके द्वारा सभी का कुशलता पूर्वक केवल संचालन ही नहीं किया बाल के उनकी छवि को जनमानस में सुधार कर विभाग की छवि को उज्जवल किया। जेल सुधार के क्षेत्र में उनके द्वारा विशेष रूप से गरीब एवं असहाय बंदियों को मदद कर उनके बेहतर भविष्य को बनाने का काम किया जिससे हजारों हजार बंदी अपराध की दुनिया छोड़कर के उनके द्वारा प्रशिक्षण दिए गए कार्य को करके अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं।

# नवरात्र महात्म : नोमी तिथि मधु मास पुनीता।।

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- नवमी के दिन माता सिद्धिदात्री के साथ भगवान राम की भी होती है पूजा अर्चना।



शाहजहांपुर। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी मनाई जाती है।इस दिन भगवान श्रीराम के साथ साथ मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना का विधान है।इस दिन और तिथि को पूजा और व्रत रखने से साधक को जीवन में सभी सुखों की प्राप्ति होती है।धार्मिक ग्रंथों के अनुसार लंका नरेश रावण के अत्याचार से मनुष्य सहित देवी देवता भी त्रस्त थे तब सभी देवतागण भगवान विष्णु के पास सहायता मांगने गए।तब भगवान विष्णु ने राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या के गर्भ से राम के रूप में जन्म लिया था।श्रीराम भगवान विष्णु के ही अवतार हैं। रामनवमी के खास दिन पर घरों में भगवान राम की पूजा का भी विधान है और इसका महत्व भी खास है।

इस दिन भगवान श्रीराम को पालने में सुलाया जाता है और प्रिय व्यंजनों का भोग लगाया जाता है।कार्यों में सफलता पाने के लिय भगवान श्रीराम की विधिपूर्वक पूजा करें,देसी घी का दीपक जलाएं उसी से आरती करें।चंदन का तिलक लगाकर श्रीराम स्तुति का पाठ करें।ऐसा माना जाता है कि ऐसा करने से साधक को सभी कार्यों में सफलता मिलती है।इसके साथ ही रामनवमी के दिन अन्न और धन का दान भी अवश्य करना चाहिए।

प्रातः काल उठकर स्नान करें और भगवान श्रीराम का ध्यान करके व्रत का संकल्प लें।पूजा स्थल को गंगाजल से साफ और शुद्ध करें और चौकी सजाएं।चौकी पर पीले रंग का वस्त्र बिछाकर भगवान राम की परिवार के साथ प्रतिमा स्थापित करें इसके बाद दीप प्रज्वलित करें।पूजा में फल मिष्ठान,फूल अच्छत,चंदन,तुलसी का पत्ता और पंचामृत चढ़ाएं।भगवान श्रीराम के साथ माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का पूजन करें।राम चालीसा और राम स्तुति का पाठ अवश्य करें और अंत में प्रसाद बांटे। रामनवमी का ही अर्थ माता के नवरात्रे से ही होता है।

## आंगनवाड़ी भर्ती प्रक्रिया चार तक, सही निवास प्रमाणपत्र करें जमा

शाहजहांपुर। आंगनवाड़ी कार्यकत्री भर्ती प्रक्रिया में शहर छेत्र में 53 अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इसके लिए एक हजार से ज्यादा आवेदन आए हैं। आवेदनों के लिए बनवाए गए निवास प्रमाणपत्र में वार्ड संख्या और वार्ड के नाम सही नहीं अंकित किए गए हैं।इस वजह से चयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। डीपीओ अरविंद रस्तोगी ने बताया कि अभ्यर्थी अपने निवास प्रमाणपत्र अपने सम्बंधित लेखपाल से सही कराकर बुधवार को विकास भवन स्थित जिला कार्यक्रम कार्यालय के कछ में आकर आवेदन जमा कर दें।जिन अभ्यर्थियों के आवेदन बुधवार तक जमा नहीं हो पा रहे हैं वह चार अप्रैल तक हर हाल में जमा कर दें।अगर आवेदनकर्ता अपना सही तरीके से प्रमाण पत्र जमा नहीं करेंगे तो उनका आवेदन,चयन प्रक्रिया से हटा दिया जायेगा।

# दूसरे दिन भी चला ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान

- खिरनीबाग चौराहे व रोडवेज बस स्टैंड पर पुलिस की कार्यवाही।
- 108 का चालान, 81 वाहन सीज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद जागे अफसरान ने दूसरे व तीसरे दिन लगभग दो सौ ई रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्यवाही की।जनपद के मुख्य तिराहे,चौराहे पर आज भी पुलिस ने बड़ी मुस्तैदी से अवैध ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की।दो दिनों में आरटीओ और पुलिस की कार्यवाही में लगभग दो सौ अवैध ई रिक्शा के खिलाफ कार्यवाही की गई जिसमें 108 ई रिक्शा का चालान किया गया वहीं 81 ई रिक्शा बिना किसी कागजात के पाए जाने पर सीज कर दिए गए।

पूरे प्रदेश में जाम की समस्या बने ई रिक्शा वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने के मुख्यमंत्री योगी के आदेशों के बाद हरकत में आया प्रशासनिक अमला ई रिक्शा चालकों पर कार्यवाही करने लगे हैं।जहां पहले दिन तीन सौ से अधिक ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई वहीं बुधवार और गुरुवार को दो सौ अवैध ई रिक्शा चालकों पर कार्यवाही की गई।चेकिंग अभियान की जानकारी होने पर अधिकांश ई रिक्शा चालकों ने घरों से अपने रिक्शा निकाले ही नहीं।

सीओ यातायात संजय कुमार, एआरटीओ शांति भूषण पाण्डेय व यातायात प्रभारी विनय कुमार पाण्डेय ने ई रिक्शा के विरुद्ध खिरनीबाग चौराहे, व रोडवेज बस स्टैंड पर संयुक्त अभियान चलाया।सीओ यातायात संजय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में चल रहे अपंजीकृत एवं अवैध ई रिक्शों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जाएगी।बिना डीएल,बिना रजिस्ट्रेशन,तथा नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे ई रिक्शों को शत प्रतिशत सीज कर उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन कराया जाएगा। आरटीओ शांति भूषण पाण्डेय ने बताया कि शासन के आदेशानुसार संयुक्त अभियान चलाकर अवैध और अपंजीकृत ई रिक्शा को सड़क पर चलने नहीं दिया जाएगा।

### ज्यादा मुनाफ़े के चक्कर में भरते हैं ओवरलोड सामान

शाहजहांपुर। एआरटीओ शांति भूषण पाण्डेय ने बताया कि सवारी वाहन ई रिक्शा चालक ज्यादा मुनाफा के चक्कर में सामान लाद लेते हैं फिर हाइवे अथवा कस्बों में जाते हैं ऐसे में हाइवे पर इनसे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।विगत माह में ऐसे वाहनों से दुर्घटना हुई भी हैं जिनसे जान,मॉल का नुकसान हुआ है। कई बार अधिक मॉल लाद लेने से ई रिक्शा पलट जाता है।

# तिलहर सीएचसी पहुंचे सीएमओ स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

- देर से आने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर। जनपद के नवागत सीएमओ डॉ विवेक मिश्रा ने तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने अस्पताल के अंदर तथा बाहर साफ सफाई के निर्देश दिए।कहा कि पान पुरिया की गंदगी मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने कहा कि इमरजेंसी ड्यूटी पर देर से आने वाले डाक्टरों पर कार्यवाही की जाए।किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पहली बार तिलहर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे सीएमओ ने प्रभारी डाक्टर ओमेंद्र राठौर से स्पष्ट किया कि अस्पताल पर आने वाले मरीजों को गंभीरता के साथ मानवीय व्यवहार अपनाते हुए उपचार करना सुनिश्चित करें।ताकि आम जनता को सरकारी सुविधाओं पर विश्वास बढ़े।

उन्होंने कहा कि सीएचसी पर छः डाक्टरों की तैनाती का नियम है।जल्द ही एक फार्मासिस्ट की तैनाती की जाएगी।इसी बीच अस्पताल पहुंचे भारतीय राष्ट्रवादी के संगठन मंत्री ने डाक्टरों का स्टाफ बढ़ाने की मांग की।नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद पीर मोहम्मद अंसारी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अवगत कराया कि अस्पताल में डाक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए।बताया गया कि तिलहर सीएचसी पर प्रतिदिन आठ सौ से नौ सौ मरीज आते है लेकिन डाक्टर की कमी की वजह से वापिस चले जाते है।जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

## संचारी रोग एवं स्वच्छता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नरैनी/बांदा। विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में संचारी रोग एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सहायक विकास अधिकारी की मौजूदगी में निरीक्षण कार्य किया गया।निरीक्षण के दौरान गैर हाजिर मिली महिला सफाई कर्मी के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। संचारी रोग एवं स्वच्छता अभियान अभियान के तहत क्षेत्र में मौजूद ग्राम पंचायत उदयपुर, पड़मई,गुढ़ा कला,सहित विभिन्न ग्रामों में ब्लीचिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव साथ ही झाड़ कटाई,नाली साफ सफाई जल भराव की समस्या का निस्तारण किया गया।इस दौरान उदय पुर में एक दर्जन सफाई कर्मी साफ सफाई कार्य के लिए लगाए गए थे।मौके पर निरीक्षण कार्य के लिए पहुंची टीम को एक महिला सफाई कर्मचारी मधुबाला देवी गैरहाजिर मिली।जिसके खिलाफ जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने कार्यवाही के निर्देश दिए।साथ ही चेतावनी दी। बताया कि सफाई अभियान में लापरवाही बरतने वाले कार्य में लगाए गए सफाई कर्मियों द्वारा अगर ग्रामों में साफ सफाई कार्य में लापरवाही करते है तो वह किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगी।

# आए नवरात्रे मैय्या के, मैया तेरे दरबार की महिमा निराली है।

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर। नवरात्र के तीसरे और चौथे दिन मां कूष्मांडा और माता स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई।इस दौरान जगह जगह मंदिरों में महिलाओं ने देवी गीत और छंद गाये।कई जगह जागरण भी आयोजित किए गए।जिनमें मैय्या का चोला है रंगलाल,आए नवरात्रे मैय्या के,चलो बुलावा आया है,मैय्या तेरे दरबार की महिमा निराली है,लेके पूजा की थाली......ज्योति मन की जगा ली, तेरी आरती उतारू देवी मां आदि देवी भजन पर देवी भक्त पूरी रात नाचते झूमते रहे।

सुबह होते ही देवी भक्तों ने स्नान ध्यानकर पहले घर में स्थापित कलश की पूजा अर्चना कर माता रानी की आरती उतारी तत्पश्चात मंदिर में पहुंची।कई मंदिरों में माता रानी के भक्तों ने खप्पर भरने की प्रक्रिया की।चौक स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर, फूलमती मंदिर, कालीबाड़ी मंदिर,बाबा विश्वनाथ मंदिर,जेल रोड स्थित मंदिर पर पूरी रात जागरण का आयोजन हुआ।इस दौरान कई मनमोहक झाकियों को भी कलाकारों ने प्रस्तुत किया।मंदिरों में देवी भक्तों का सिलसिला सुबह से शुरू हुआ जो अपरान्ह तक जारी रहा।मंदिरों में सुबह से शुरू हुई पूजा अर्चना के दौरान महिला भक्तों ने ढोलक की थाप पर देवी गीत और छंद गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।शाम पांच बजे के बाद सभी मंदिरों पर देवी भक्त पूजन संपन्न करने हेतु पहुंचने लगे।इस दौरान शहर के सभी मंदिरों पर भारी भीड़ देखी गई। चौथे और पांचवे दिन मां कूष्मांडा और स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई।देवी का यह स्वरूप नारी शक्ति और मात्र शक्ति का सजीव चित्र है। स्कंदकुमार की माता होने के कारण इनका नाम स्कंदमाता पड़ा।गणेश जी देवी के मानस पुत्र हैं और कार्तिकेय जी गर्भ से उत्पन्न।तारकासुर को वरदान था कि वह शंकर जी के शुक्र से उत्पन्न पुत्र द्वारा ही मृत्य को प्राप्त कर सकता है।इसी कारण देवी पार्वती का शंकर जी से मंगल परिणय हुआ।इससे कार्तिकेय पैदा हुए और तारकासुर का वध हुआ।शंकर पार्वती के मांगलिक मिलन को सनातन संस्कृति में विवाह परंपरा का प्रारम्भ माना गया।कन्यादान, गर्भधारण इन सभी की उत्पत्ति शिव और पार्वती प्रसंगोपरांत हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### समाचार ऐतिहासिक होगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा



शाहजहांपुर। ब्राह्मण समाज की बैठक वरिष्ठ भाजपा नेता कौशल मिश्रा के आवास ग्राम गंगानगर पर आयोजित हुई।बैठक में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोगों ने आगामी तीस अप्रैल को भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाले जाने हेतु परिचर्चा की ।इस बैठक में मान0 संजय कुमार मिश्र विधायक-विधान परिषद ,भाजपा नेता कौशल मिश्र गंगानगर,श्री दत्त शुक्ला ब्लाक प्रमुख कांट, हरि शरण बाजपेयी ,जितेंद्र नाथ तिवारी,सुशील दीक्षित ,विश्व दीप अवस्थी,दीपक मिश्र,जग्गू मिश्र, शिव रतन शर्मा,रामचंद्र मिश्र,डॉ आनंद मिश्र, सत्यम चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

### विद्युत व्यवस्था की निर्बाध आपूर्ति के लिए अवर अभियंता कर रहे मशक्कत

नरैनी/बांदा। क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था की निर्बाध आपूर्ति के लिए अवर अभियंता खुद कस्बे में लाइन मैंनो को साथ लेकर क्रमवार दुरुस्तीकरण करवाए जाने का काम करवा रहे है।बताया कि अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र में भी फाल्ट की समस्या दूर की जाएगी। गर्मी के मौसम में रोस्टर के अनुसार क्षेत्र में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के अभियान चलाकर फाल्ट की समस्या दूर की जा रही है। भीषण गर्मी और बरसात में अधिकांश समय आपूर्ति बाधित न रहे जिसके लिए विद्युत विभाग की टीम लगाई गई है। अवर अभियंता आर एल पाल ने बताया कि अभी तो कस्बे में सुधार किया जा रहा है। जहां कही भी कमियां खामियां है उनको दुरुस्त किया जा रहा है।गुरुवार के दिन अस्पताल परिसर और अतर्रा मार्ग में ब्लाक परिसर के बाहर मौजूद एलटी लाइनों को दुरुस्त किया।इस दौरान विद्युत तारो के ऊपर से जहां कही भी पेड़ की डाले पड़ रही थी। उनको साफ करवाए जाने का कार्य किया गया है।बताया कि दो सप्ताह के अंतर्गत सभी कमियां खामियां दूर कर ली जाएगी।जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार अभियान चलाकर जहा भी फाल्ट या विद्युत व्यवस्था में अवरोध दिखाई देगे उनको भी दूर कर लिया जाएगा।जिससे भीषण गर्मी और बरसात के समय कस्बे सहित क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

### वक्फ बिल किसी भी हालत में नहीं मंजूर: वाजिद अली

बांदा। लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद से प्रतिक्रियाओं को दौर जारी है। इसी एआईएमआईएम पार्टी के जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने विरोध जताते हुए कहा कि यह बिल हमें क़त्ई मंज़ूर नहीं ज़बरदस्ती कोई भी बिल हमारे ऊपर थोपा नहीं जा सकता हम इसका पुरज़ोर विरोध करते हैं। क्योंकि यह बिल मुसलमानों के खिलाफ है, सरकार वक़्फ़ को बचाने नहीं बल्कि वक़्फ़ की जायदादों को लूटने के लिए यह क़ानून लाई है, सरकार हमारी, मस्जिद, कब्रिस्तान, दरगाह पर कब्ज़ा करना चाहती है। यह पूरी तरह से असंवैधानिक , यह मुसलमानों के अधिकारों को छीनने वाला बिल है हम इसको रिजेक्ट करते है।

### नए मतदाताओं को जोड़ने, सत्यापन करने का कार्य लंबित नहीं रखना होगा: एसडीएम

बांदा। सदर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक तहसील सभागार में आयोजित हुयी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी अमित शुक्ला व तहसीलदार सदर विकास पांडेय की अध्यक्षता में दो पालियों में 178 बीएलओ को नई गाइड लाइन बतायी गयी। अधिकारियों ने कहा कि नए मतदाताओं को जोड़ने, सत्यापन करने का कार्य लंबित नहीं रखना होगा। आनलाइन यह कार्य दिन प्रतिदिन करना है। इसी तरह मतदाताओं के विलोपन, संशोधन के कार्य प्रारंभ कर दिए जाएं। उन्होंने दो दर्जन से अधिक एक ही मतदाता क्रमांक पहचानपत्र अलग-अलग राज्यों में जारी होने पर विधानसभा क्षेत्र के 17 बीएलओ को नाम सत्यापन, काटने की विधि बतायी।

# उत्कृष्ट शिक्षकों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- वार्षिकोत्सव में बीईओ ने बच्चों द्वारा बनाए टीएलएम का किया निरीक्षण



उन्नाव। प्रदेश सरकार आज बेसिक विद्यालयों को सभी सुविधाओं से संतृप्त करने में लगी है, गत वर्षों में कक्षा कक्षों में सुधार और कायाकल्प से परिषद के विद्यालयों में नामांकन वृद्धि हुई है, समय समय पर होने वाले प्रशिक्षणों में शिक्षकों को और बेहतर तरीके से शिक्षण कार्य करने और नई नई गतिविधियों के संचालन के तरीके बतलाए जा रहे हैं यह बातें आज सफीपुर के रायपुर मुड़हा में वार्षिकोत्सव के दौरान पहुंची बीईओ अनीता शाह ने कहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ। बच्चों ने स्कूल चलो अभियान पर शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा पांच की छात्रा राखी ने शिक्षा के महत्व पर भाषण दिया, जिसपर सभी ग्रामीणों और उपस्थित शिक्षकों ने खड़े होकर उसका स्वागत जोरदार तालियों से किया।

कार्यक्रम में पहुंचे औरास अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव ने राष्ट्र निर्माण में जननी, जन और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने श्रेष्ठ नागरिक तैयार करने के लिए बुनियादी शिक्षा की मजबूती आवश्यक बतलाई। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला एवं मांडलिक महामंत्री डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवदर्शन, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, शिक्षक रतन शुक्ल, आशुतोष श्रीवास्तव आदि ने शिक्षा के महत्व और नामांकन बढ़ाने के लिए अपने विद्यालयों में किए जा रहे प्रयासों को बतलाया। अभिभावकों में देशराज ने बेसिक की बदलती सूरत को लेकर अपने विचार रखे। प्रत्येक कक्षा के तीन श्रेष्ठ बच्चों को बीईओ ने अंकपत्र, मेडल के साथ शील्ड प्रदान की। निपुण बच्चों को टिफिन, बॉटल और कापियों की किट प्रदान की गई। बीईओ अनीता शाह और शिक्षक प्रदीप वर्मा ने अपने निजी खर्च से विद्यालय के 30 बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की। कार्यक्रम में बीईओ ने कमलदीप कौर को योगा में जनपद में प्रथम एवं सीमा को विद्याज्ञान की तैयारियों एवं परिणाम के आधार पर सम्मानित किया। साथ ही बीईओ के निर्देश पर आए शिक्षकों में शिव दर्शन, प्रदीप वर्मा, रतन शुक्ल, आशुतोष श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह और अमित तिवारी को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित करते हुए शील्ड प्रदान की गई। खेल शिक्षक मनोज और अनीता को खेलकूद की तैयारियों को लेकर बीईओ ने सराहना की। प्रधान शिक्षक संजीव संखवार और सहायक कमलदीप कौर एवं सीमा कटियार ने बच्चों द्वारा बनाए टीएलएम को बीईओ के समक्ष स्टाल लगवाकर प्रदर्शित किया। बीईओ ने ग्राम प्रधान को कायाकल्प की शेष मूलभूत सुविधाओं को पूरे करवाने के निर्देश दिए, जिसपर उन्होंने अपनी सहमति दी। अन्य उपस्थित शिक्षकों में राजवीर यादव, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, पीयूष, अश्वनी परिहार, सुमित, शिव प्रताप सिंह, विश्वनाथ तिवारी, पवन,पीएम श्री के जावेद, प्रीति यादव, पूजा खन्ना, संतोषी, अर्चना, आंचल दीक्षित सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

# बाल पुष्टाहार राज्य मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सफीपुर-उन्नाव। अहिल्या बाई होल्कर की स्मृति में सहकार भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची बाल पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भारत माता एवं अहिल्या बाई होलकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर उन्होंने कहा कि आप समाज मे निकले कुछ करने का प्रयास करे शासन की तमाम लाभकारी योजनाओं से पात्र लोगो को लाभान्वित कराए।उनके अलावा राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजु प्रजापति व अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक शिवाकांत महाराज ने भी मौजूद लोगों महिलाओं को जागरूक किया। क़स्बे के मियागंज मार्ग स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्रीमती शुक्ला ने मौजूद महिलाओं को आकर्षित कर कहा कि बालविकास में कार्य करने वाली महिलाओं के पास जो बच्चे होते है।वह कोरा कागज है संस्कारो को सर्वाधिक परोसने का अवसर है।

# सीएम को आपकी चिंता, बाढ़ नियंत्रण के लिए उठाए हर जरूरी कदम : स्वतंत्र देव सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- जलशक्ति मंत्री ने किया शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का भूमि पूजन, 68 विभागीय योजनाओं का भी लोकार्पण-शिलान्यास

लखीमपुर खीरी। सूबे के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने लखीमपुर खीरी की तहसील पलिया पहुंचकर जनप्रतिनिधियों -अफसरो संग शारदा नदी पर निर्मित पलिया रेलवे पुल-97 के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में ?22.23 करोड़ की लागत से होने वाले चैनलाइजेशन कार्य का पूरे विधि विधान से भूमि पूजन किया। उन्होंने 48 परियोजनाओं का लोकार्पण, 20 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। मंत्री ने नदी तट पर फीता काटकर कार्य का शुभारंभ किया। पोकलैंड चालक धर्मा सिंह, विपिन गुर्जर, विशाल संदीप और विनोद का टीकाकर इस कार्य को शुरू कराया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक रोमी साहनी, योगेश वर्मा, अमन गिरी, विनोद शंकर अवस्थी, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, आयुक्त डॉ रोशन जैकब, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार,मुख्य अभियन्ता स्तर-1, रूहेलखण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन बरेली महेश्वरी प्रसाद,मुख्य अभियन्ता ''शारदा संगठन,, बरेली एच0एन0 सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, बाढ़ मण्डल धर्मेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ खण्ड, शारदानगर अजय कुमार सहित कई और प्रशासनिक अफसर मौजूद रहे।

इस दौरान जल शक्ति मंत्री ने आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों को प्रशासनिक अफसरो ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अभियंता शारदा-बरेली एचएन सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं



प्रासंगिकता बताई।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भूमि पूजन कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं जनता जनार्दन का शीश झुकाकर प्रणाम और अभिवादन करता हूं।'' उन्होंने बताया कि सीएम क्षेत्र के लोगों की चिंता कर रहे थे, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने ही बाढ़ से निजात दिलाने के लिए ड्रेजिंग और बाढ़ बचाव कार्यों को स्वीकृति दी और इसे जमीन पर साकार करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि संवेदनशील और अति संवेदनशील जिलों में बाढ़ नियंत्रण पर किए गए कार्यों से कटान कम हुआ है, जिससे खेती और मकान सुरक्षित हुए हैं और जनहानि शून्य रही है।

छह लाख क्यूसेक पानी बहने के बावजूद संवेदनशील क्षेत्रों में किसी तरह का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ड्रेजिंग कार्य पूरा होने के बाद शारदा नदी का प्रवाह सुचारू होगा, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की समस्या कम होगी और कृषि कार्यों में सुधार आएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रेजिंग से निकली मिट्टी, मोरंग और बालू से दोनों किनारों पर मजबूत तटबंध बनाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज गांवों में 23 से 24 घंटे बिजली मिल रही है, जिससे आम आदमी दो रोटी ज्यादा खा रहा है। रात में गांवों में जलती लाइटें देखकर सुकून महसूस होता है। मंत्री ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने हर नागरिक की जरूरतों को पूरा करने के लिए योजनाओं को जमीन पर उतारा है।

मंत्री ने लोगों को ''मुंह में शक्कर और सिर में बर्फ'' रखकर काम करने की सलाह दी, जिससे वे धैर्य और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सरकार केवल बाढ़ से राहत ही नहीं दे रही, बल्कि सिंचाई सुविधाओं का भी विस्तार कर रही है, जिससे किसानों की भूमि सिंचन क्षमता बढ़े और उनकी आमदनी में इजाफा हो।

### वर्षों की प्रतीक्षा पूरी, अब बाढ़ से मिलेगी राहत : रोमी साहनी

विधायक रोमी साहनी ने भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा, ''आज वह शुभ घड़ी आ गई है, जिसकी वर्षों से प्रतीक्षा थी।'' उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि सीएम की कृपा से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। बाढ़ के दौरान उन्होंने क्षेत्र के गरीबों की पीड़ा को करीब से देखा और समझा। जल शक्ति मंत्री, डीएम और आयुक्त के निरंतर प्रयासों से आज इस परियोजना का शुभारंभ हुआ है। ड्रेजिंग कार्य के लिए पोकलैंड मशीनें भी पहुंच चुकी हैं, जिससे नदी की जल धारण क्षमता बढ़ेगी और बाढ़ नियंत्रण में सहायता मिलेगी। विधायक ने कहा, ''पलिया की जनता मेरा परिवार है। बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए मैं मुख्यमंत्री और प्रशासन का शुक्रगुजार हूं।'' उन्होंने जल शक्ति मंत्री से शारदा नदी के दोनों तटों पर 10 किमी स्थायी बांध निर्माण की मांग करते हुए स्थायी समाधान के लिए कदम उठाने की अपील की।

### ''खीरी मंडल का मुकुट, पलिया का ताज

आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने भूमि पूजन कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, ''मंडल का मुकुट है खीरी और खीरी का ताज है पलिया!'' जलशक्ति मंत्री, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयासों से बाढ़ और कटाव रोकने की सभी महत्वपूर्ण परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। सीएम ने क्षेत्र की जरूरतों को समझते हुए परियोजनाओं में आने वाली बाधाओं को दूर कर उनकी मंजूरी दी।उन्होंने कहा कि नदी में ड्रेजिंग से उसकी जल धारण करने की क्षमता बढ़ेगी, जिससे बाढ़ की तीव्रता कम होगी। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, जिससे बेहतर परिणामों की उम्मीद जताई। उन्होंने परियोजना की सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### शारदा नदी में नई उम्मीदों की धार, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जताया आभार

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जल शक्ति मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उन्होंने खीरी जनपद को समय दिया और इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि मंडलायुक्त द्वारा बाढ़ प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ करीब 10 बैठकें की गईं, जिससे सभी परियोजनाएं स्वीकृत होने केसाथ-साथ गत वर्ष की अपेक्षा ?20 करोड़ की अधिक धनराशि स्वीकृत हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### वक्फ संशोधन बिल पास होने पर धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक ने प्रधानमंत्री को बधाई दी है

बरेली। लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास होने पर धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते है वो करते है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का जो नारा दिया था वो उसी नारे के तहत काम कर रहे है। उन्हें सभी देश वासियों की चिंता है। मोदी को जब पता चला कि वक्फ की संपत्तियों में बहुत बड़ा घोटाला है। बहुत सारे मौलानाओं, मुस्लिम सासंदों, कांग्रेस, सपा और मुस्लिम संगठनों ने वक्फ के नाम पर अरबों की संपत्ति बना ली है। और हिंदुओं का शोषण किया जा रहा है। ये लोग जिस संपत्ति को कह देते थे कि ये वक्फ है तो फिर पीड़ित हिंदू की कही कोई सुनवाई नहीं हो सकती थी। लेकिन मोदी ने अब कानून लाकर ये सिद्ध कर दिया है कि वक्फ के नाम पर जो अवैध कब्जे किए गए है उन्हें हटाया जाएगा। कट्टरपंथियों के मुंह पर ये मोदी सरकार का जोर का तमाचा है। बड़ी बात ये है कि जो पार्टियां कंाग्रेस, सपा, बसपा, एआईएमआईएम अपने आप को मुसलमानों की सबसे बड़ी हमदर्द बताती थी उन्होंने गरीब मुसलमानों के लिए कुछ नहीं किया लेकिन वक्फ संशोधन बिल लाकर मोदी ने ये काम कर दिया। जिसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और पूरी भाजपा को इसके लिए बहुत बहुत बधाई।

### कपरहा म्युजिकल गुप के द्वारा नौ दिवसीय दुर्गा जागरण का आयोजन



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला छोटी काशी क्षेत्र के गांव कपरहा मे गौरी मंदिर स्थित नौ दिवसीय कपरहा म्युजिकल गुप एन्ड पार्टी के द्वारा नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र के उपलक्ष मे दुर्गा जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जो कि तीस मार्च से सात मार्च तक कि भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कार्यक्रम के चौथे दिवस के उपलक्ष मे रामजीत,विक्रम,सौरभ,व मंनत के द्वारा सजीव व सुन्दर झांकियो का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विक्रम व मंनत के द्वारा ''तेरे दरबार मैया खुशी मिलती है''सेर पर सवार होकर आजा शेरावालिये के भजनो पर गायन व नृत्य प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन कर्ता भोलाराम, हरिराम व सम्भू दयाल के सहित सैकडो की संख्या मे भक्तगण व श्रोता मौजूद रहे।

### घर के बाहर बंधी भैंस को खोल ले गए चोर

गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद के अंतर्गत ग्राम रामपुर ग्रंट 18 मे रात्रि करीब दो बजे अध्यापक रामनिवास के घर से बाहर बंधी भैंस को रात्रि दो बजे के करीब चोर खोल ले गए,अध्यापक रामनिवास का कहना है कि रोज की तरह अपने जानवर को उसी स्थान पर बांधते थे, जबकि रोजाना रात्रि के समय जा क़र देखते भी थे,कल रात्रि को भी रात्रि बारह बजे देखने भी गए थे तब जानवर वहीं पर बँधा था, घर के व्यक्ति ने ही रात्रि करीब दो बजे के आसपास देखा तब भैंस वहां पर नहीं मिली, रात भर खोजबीन की लेकिन भैंस का पता नहीं चला, पीड़ित ने थाना हैदराबाद मे तहरीर देकर छानबीन की गुहार की है,पीड़ित का कहना है कि इससे पहले भी घर के पास से ही चार भैस चोर खोल क़र ले गए थे।

### विधायक अमन गिरि डीएम-एसपी के साथ करेंगे ऐतिहासिक धरोहर के मेला चैती का उद्घाटन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। शुक्रवार 04 अप्रैल 2025 को क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि, जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के सानिध्य में 120 वर्ष पुराने ऐतिहासिक धरोहर के मेला चैती का उद्घाटन होगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले का उद्घाटन मेला मैदान के प्रथम गेट पर सभासदों, नगर पालिका स्टाफ तथा तमाम गणमान्य लोगों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से बैण्ड-बाजे के साथ फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया जायेगा। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि,'' *ऐतिहासिक चैती मेला 04 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025 तक भव्यता के साथ मनाया जाएगा जिसमें धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भोजपुरी, मुशायरा, कवि सम्मेलन,बच्चों के कार्यक्रमों की मनोरंजनात्मक प्रस्तुति देखने को मिलेगी।

## मुनाफा कमाने वाले दो तस्कर 3 लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने 3.3लाख की स्मैक के साथ दो तस्करो को गिरफ्तार किया आरोपी के पास से 33 ग्राम स्मैक बरामद हुई हैं पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया हैं। मुखबिर की सूचना पर बीती रात पुलिस ने थाना फतेहगंज पूर्वी के ग्राम पढेरा व कादरगंज तिराहे से 2 तस्कर थाना फतेहगंज पूर्वी के ग्राम कादरगंज निवासी मोहम्मद नवी पुत्र छोटे बक्श को 16 ग्राम नाजायज स्मैक , साबिर उर्फ पप्पू पुत्र अजीज अहमद को 17 ग्राम स्मैक व एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी के खिलाफ फतेहगंज पूर्वी में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एक महीने पहले राह चलते झारखंड के एक अंजान ट्रक चालक से स्मैक खरीदी थी। उसके बाद से स्मैक में मुनाफा कमाने के लिए जगह-जगह ढाबों पर घूमकर स्मैक बेचतें थे। जिससे अच्छा कारोबार चल पड़ा था। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## पुलिस पर हमला करने वाले दंपति गिरफ्तार

बरेली। दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा। भुता थाना क्षेत्र के गांव शेखापुर निवासी अनुज पुत्र शिव सिंह और उसकी पत्नी अमनदीप को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार 1 अप्रैल को सूचना मिली कि शेखापुर गांव में दो गुटों में मारपीट हुई है तब देवल बसंतपुर चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी इसी दौरान अनुज और उसकी पत्नी अमनदीप ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जांच करने गई पुलिस टीम पर तमंचा लोहे की रॉड लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे चौकी प्रभारी देवल बसंतपुर और एक सिपाही घायल हो गए घटना के बाद चौकी प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करते हुए हमलावरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी इसी के चलते दो अप्रैल को शाम के समय अनुज पुत्र शिव सिंह को शेखपुर चौराहा से तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि रात लगभग 10 बजे उसकी पत्नी अमनदीप को घर से गिरफ्तार किया।

## नवजात की मौत की खबर से आहत हुई पत्नी ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। पति पत्नी के विवाद में मां की ममता तब और तड़प गईं जब उसने सुना उसकी बेटी दुनियां से रुख़सत हो गईं और नवजात की मौत की सूचना पति ने पत्नी को देना गवारा नहीं समझा। जिसकी भनक जब पत्नी को लगी तों उसने इसकी शिकायत पुलिस से की। महिला का आरोप हैं पुलिस ने भी उसके साथ अच्छा सूलख नहीं किया। जिसके बाद महिला ने एसएसपी के दरबार की ओर रुख़ किया। चलते महिला ने कप्तान से शिकायत की है।

थाना फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम धनतिया निवासी नाजुल पत्नी जुनैद ने बताया कि उसका अपने पति जुनैद पुत्र इरशाद निवासी शेरगढ़ से पारिवारिक विवाद चल रहा है और प्रार्थनी मायके रह रही है। उक्त विवाद कोर्ट में विचाराधीन है एवं आठ माह की बच्ची मोमिना को जुनैद ने अपने पास रख लिया था जबकि कोर्ट ने मिलने का आदेश जारी किया था परंतु आरोपी ने प्रार्थनी को बच्ची से मिलने नहीं दिया।



इतना ही नहीं बिना बताए दूसरी महिला मुस्कान से निक़ाह भी कर लिया। महिला ने बताया कि 31 मार्च 2025 को देर रात व्हाट्सएप स्टेटस से ज्ञात हुआ कि बच्चे की हालत खराब है परंतु कॉल करने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। जानकारी हुई है कि 1 अप्रैल को बच्ची की मौत हो गई और प्रार्थनी को बिना बताए दफना भी दिया गया है। जिसकी शिकायत करने थाने पहुंचे तो पुलिस ने डांट कर वहां से भगा दिया महिला ने अपनी बच्ची की हत्या का आरोप लगाते हुए पति जुनैद उसका भाई मैसाद, बहनोई सोहिल व जुनैद की दूसरी पत्नी मुस्कान पर कार्यवाही करते हुए न्याय की मांग की है।

## रविदास जयंती पर कथा का हुआ आयोजन

मितौली खीरी। विकासखंड मितौली क्षेत्र के हैदर नगर उर्फ रामचरन पुरवा गांव के तथागत गौतम बुद्ध पार्क में पांच दिवसीय संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां संत शिरोमणि रविदास जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मंच का संचालन क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया। जहां कमेटी के लोगों ने पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव वर्मा को माला पहनाकर सम्मानित किया। वही इस कार्यक्रम में नाट्य कला मंडल दिसतापुर पार्टी के प्रबंधक व संचालक मनोहर लाल मित्रा द्वारा पार्टी के कलाकारों द्वारा दिन और रात्रि में तथागत गौतम बुध व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं अन्य महापुरुषों के बारे में झांकी एवं जीवन चरित्र के माध्यम से दिखाया जाता है। जो यह कार्यक्रम दिनांक 24 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा।जहां महान संत रविदास जी की जयंती के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय विशाल महासम्मेलन मेले का आयोजन किया गया है।

## बाबा साहेब की प्रतिमा की स्थापना को लेकर प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मितौली खीरी। विकासखंड मितौली के तहसील प्रांगण में पहुंचने से पहले ही सगठन के पदाधिकारी को बेहजम के अछनिया में पुलिस प्रशासन द्वारा रोका गया। वहीं भारतीय दलित पैंथर के राष्ट्रीय संयोजक मनोज भारती के आवाहन को लेकर हजारों की संख्या में उनके साथ जनता समर्थन में उतरी। वहीं तहसील प्रांगण में लगभग 20 मिनट तक पुलिस प्रशासन होश में आओ और थाना प्रभारी शिवाजी दुबे के मुरादाबाद के नारे लगे। जहां मितौली क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह व तहसीलदार दिनेश कुमार के काफी समझाने के बाद उनके शर्तों को मानते हुए। भारतीय दलित पैंथर के मनोज भारती व भारतीय दलित पैंथर के जिला अध्यक्ष कुलदीप कनौजिया एवं बहुजनों की बुलंद आवाज सचिन सिंह नितिन द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। जहां ज्ञापन में उन्होंने मांग की है। कि ग्राम खजुरिया में बाबा साहब की प्रतिमा तहसील प्रशासन द्वारा जबरदस्ती जब्त करने के विरोध में 26 मार्च 2025 को ग्राम खजुरिया ग्राम पंचायत टेड़वा थाना मितौली-खीरी में बोद्धि सत्व भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी प्रतिमा गांव के लोगों के द्वारा अम्बेडकर पार्क की भूमि पर स्थापित की गई थी। जिसके बाद तहसील प्रशासन द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा यह कहकर जमा कर लिया गया। कि प्रतिमा स्थापना हेतु आप लोगों के द्वारा शासन से अनुमति नहीं ली गई है। इसलिए प्रतिमा जब्त की जाती है उसके पश्चात बाबा साहेब की प्रतिमा यहा के थाना इंचार्ज शिवा जी दुबे द्वारा बाबा साहब प्रतिमा को तोड़ा गया। जहाँ प्रतिमा का अपमान किया गया व उसे क्षतिग्रस्त किया गया। थाना मितौली-खीरी के इस कृत्य से बहुजन समाज में बहुत आक्रोश है और वहीं थाना इंचार्ज शिवा जी दुबे के खिलाफ देश द्रोह का मुकदमा लिखकर तत्काल जेल भेजा जाए।यदि बाबा साहब प्रतिमा बिना अनुमति के नहीं लगाई जा सकती तो तहसील प्रशासन की मिलीभगत से थाना मैगलगंज के अन्तर्गत ग्राम धर्माखेडा संविलियन विद्यालय के परिसर के अन्दर मन्दिर का निर्माण कराया जा रहा है।इसको भी तत्काल रोकने के आदेश दिए जाय। क्योंकि भारत के भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने अपने संविधान सभी धर्मों को बराबरी का अधिकार दिया है फिर संविधान के साथ ऐसा पक्षपात का बर्ताव क्यों। और तहसील प्रशासन के खिलाफ कार्यवाही की जाय जिले में अम्बेडकर पार्कों की जमीनों पर जो सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है।जो बाबा साहेब का घोर अपमान है।बहुजन समाज की आस्था पर कुठाराघात है जिसको बहुजन समाज के द्वारा बर्दास्त नहीं किया जायेगा।सारे सार्वजनिक शौचालय को तत्काल हटवाने का आदेश जारी किया जाय। यदि ऐसा नहीं होता है तो जिले के सभी बहुजन संगठन समाज के द्वारा महाआन्दोलन किया जायेगा।जिसकी जिम्मेदारी जिला स्तर के प्रशासन अधिकारी होगे। वह इस प्रदर्शन के दौरान थाना प्रभारी शिवाजी दुबे के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। इतना ही नहीं अगर इस मुद्दे पर सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया तो बहुत बड़ा प्रदेश में आंदोलन शुरू होगा। इस धरना प्रदर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई बड़ी घटना न होने पाए इसलिए थाना मैगलगंज के थाना प्रभारी रमेश चंद्र पांडेय,नीमगांव थाना प्रभारी सुनीता कुशवाहा,फत्तेपुर चौकी इंचार्ज सुशील तिवारी, बेहजम चौकी इंचार्ज सिद्धांत पवार शाहिद काफी संख्या में फोर्स मौजूद रहा।

## खेत के किनारे लगे ब्लेट तार से युवक की कटी गर्दन, हुई मौत



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

ईसानगर खीरी। खेत किनारे लगे प्रतिबंधित ब्लेड वाले तार से कटकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। खेत के पास से गुजरते समय अचानक युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे वह गिर पड़ा। इसी दौरान उसकी गर्दन खेत के किनारे लगे तारों में फंस गई।

जानकारी के अनुसार सुखीराम (25) पुत्र सोने लाल भार्गव निवासी दामूबेहड़( चन्द्रसा कला) गुरूवार को दोपहर 12 बजे घाघरा नदी सब्जी खरीदने जा रहा था । रास्ते मे सुखीराम की बाइक अनियंत्रित होकर खेत के किनारे लगे चन्द्र सेन गुप्ता के बाड़ के तारों से उलझ गई । तार से सुखीराम की गर्दन कट गई । शरीर से अधिक रक्तस्राव होने से सुखीराम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । करीब दो घंटे बाद परिजनों को सूचना मिलने के कारण काफी देर हो गई थी । घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया । मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार ने जांच के बाद शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेजनें के उपरांत आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## गैस रिफिलिंग करते समय कार बनी आग का गोला, जलती गाड़ी छोड़ भागा ड्राइवर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली गोला क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 730 केशवापुर में सड़क किनारे अवैध रूप से गैस रिफलिंग करने के दौरान बड़ा हादसा हो गया जब अचानक आग लग गई।आग पर काबू पाने की कोशिश की बजाए चालक और कारोबारी फरार हो गए। जानकारी मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार केशवापुर में सड़क किनारे दुकानों के सामने गैस रिफलिंग करते समय कर में आग लगी गई। आग से पांच दुकानें जलकर हुई खाक घटना की जानकारी मिलते हैं घटनास्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम व गोला पुलिस मौजूद। फायर ब्रिगेड टीम ने पहुंचकर आग बुझाने का कार्य किया प्रारंभ बड़ी कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड टीम को आग बुझाने की मिली सफलता जानकारी से यह भी पता चला है लगभग 8 सिलेंडर फटने की जानकारी मिल रही है घटना स्थल से लगभग 200 मी दूर गैस सिलेंडर के चिथड़े उड़कर गिरे वहां पर मौजूद लोगों ने जानकारी देते हुए बताया चार पहिया मारुति वैन में घरेलू एलपीजी गैस भरते समय घटना हुई घटित केशवपुर चौराहे के पांच लोगों की दुकानें जलकर रख हुई है इमरान की गैस सिलेंडर व जूता चप्पल की दुकाने हैं इसके अतिरिक्त पड़ोस के मनोज मौर्य होटल जसकरण लाल ट्रेलर पवन वर्मा की किराना दुकान जीवनलाल वर्मा की पान की दुकान जलकर हुई राख । चार पहिया मारुति वैन में एलपीजी गैस भरी जा रही थी वह वाहन भी जलकर हुआ राख। अवैध रूप से एलपीजी गैस रिफलिंग कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है । प्रशासन इन लोगों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा है जिससे यह कारोबार धड़ल्ले से चलाया जा रहा जिससे आम जनमानस जान माल का खतरा बना रहता है।

## सहयोग संस्था के पदाधिकारियो ने डीएम एसपी समेत एसपी सिटी और सीओ सिटी का किया स्वागत सत्कार

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जनपद की समाजसेवी सहयोग संस्था के पदाधिकारियो ने जिलाधिकारी धन्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिसअधीक्षक राजेश द्विवेदी,एसपी सिटी एवं सीओ सिटी से मुलाकात कर होली एवं ईद के पर्व को शांति और सौहार्द तरीके से सम्पन्न कराने पर मुलाकात कर धन्यवाद दिया। सभी अधिकारियों ने कहा कि एक दूसरे के सहयोग से ही हर काम अच्छे तरीके से निपटाया जा सकता है , सहयोग संस्था जनपद में बहुत ही अच्छे तरीके से कार्य कर रही है। संस्था के सभी पदाधिकारी पूरी मेहनत व लगन और ईमानदारी के साथ अच्छे-अच्छे कार्यो को कर रहे हैं ,सभी बधाई के पात्र हैं। मुलाकात करने वाले संस्था के पदाधिकारियो में सहयोग संस्था के संरक्षक एडवोकेट शाहनवाज खा ,महेंद्र दुबे ,स्तुति गुप्ता ,शालू यादव, शिवम वर्मा, एडवोकेट जितेंद्र कुमार ,एडवोकेट प्रगति यादव, विकास सक्सेना, सैयद अनवर आदि सभी उपस्थित रहे।

## स्वीकृत प्रजाति एवं स्वस्थ बीज बोए गन्ना किसान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी गोला के परिक्षेत्र अलीगंज के लिए ग्राम बगौडा में बृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आशुतोष मधुकर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला एवं पी.एस चतुर्वेदी वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना गोला व अन्य विभागीय व चीनी मिल अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में लगभग 165 कृषकों ने भाग लिया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला ने स्वीकृत गन्ना प्रजातियों एवं स्वस्थ गन्ना बीज का चयन कर गन्ना बुआई करने एवं गन्ना विकास परिषद में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा उसमें देय अनुदान तथा समिति में उपलब्ध फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध यंत्रों को किफायती दरों पर किराये पर ले जाकर उपयोग कर अधिक से अधिक लाभ कमाना तथा ड्रिप सिंचाई एवं पंचामृत खेती इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसी क्रम में गोला मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना ने बताया कि पौधे गन्ने की कटाई के तुरन्त बाद ठूठों की छटाई आर एम डी से करें, तत्पश्चात जहाँ फुटाव कम हो वहाँ ईथाफोन का स्प्रे ठूठों पर करें, जिससे पेड़ी का फुटाव अच्छा होता है साथ ही उन्होंने गन्ना कटाई के तुरन्त बाद सिंचाई करके खाद/उर्वरक डालने, निराई/गुड़ाई करने व रिक्त स्थान भरने की सलाह दी। उपस्थित कृषकों को बताया गया कि 75 किग्रा यूरिया,100 किग्रा सिंगल सुपर फास्फ़ेट एवं 50 किग्रा म्यूरेट ऑफ़ पोटाश प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें तथा चोटी बेधक कीट के बचाव हेतु कोराजन की ड्रैंचिंग करें। इस समय शरद काल मे बोये हुए गन्ने एवं पेड़ी गन्ने में टॉप बोरर की प्रथम पीढ़ी की तितली व पत्तियों की निचली सतह पर इसके अंड समूह दिखाई पड़ रहे है।इसलिए टॉप बोरर से बचाव हेतु शरद काल मे बोये गए गन्ने एवं पेड़ी गन्ने में तत्काल कोराजन/सुपर सिक्सर की ड्रेंचिग कराये।साथ ही यह भी बताया कि विगत वर्ष टॉप बोरर की चौथी पीढ़ी ने गन्ने की फसल को बहुत अधिक नुकसान पहुँचाया था इस लिए इस बार इससे बचाव हेतु जुलाई-अगस्त महीने में अपने क्षेत्रीय मिल सुपरवाइजर से सम्पर्क करके पुनः फरटेरा या वर्टाको(दानेदार) का प्रयोग अवश्य करें। इसी क्रम में प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने उन्नतशील गन्ना प्रजातियों को0 0118,को 015023, कोशा0 13235 व जलभराव वाले क्षेत्र में को098014 के दो आंख के टुकड़े कर बीज शोधन फफूंदीनाशक (प्रिज्म) से व भूमि शोधन ट्राइकोडर्मा (बायोक्योर/ संजीवनी) से कर बुआई करने की सलाह दी।मंच संचालन वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना संजीव सिरोही ने किया।गोष्ठी में गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम,गन्ना अधिकारी दीपक सिंह सहित समिति व मिल के गन्ना सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# मुंबई और लखनऊ के बीच मैच में रोहित और पंत पर रहेगी निगाह

एजेंसी

लखनऊ। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शुक्रवार को यहां जब आमने सामने होंगी तो सभी की निगाहें रोहित शर्मा और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का इस सत्र में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है तथा तीन मैच में उसके केवल दो अंक हैं।

भारतीय कप्तान रोहित की खराब फॉर्म मुंबई के लिए चिंता का विषय है। यही बात लखनऊ के कप्तान पंत पर भी लागू होती है जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का असर





परिणाम पर साफ नजर आ रहा है। इन दोनों टीमों ने अभी तक तीन में से केवल एक मैच जीता है और ऐसे में शुक्रवार को होने वाले मैच में जो टीम परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाएगी, उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। यही नहीं इस बार क्यूरेटर घरेलू टीमों के अनुकूल पिच तैयार नहीं कर रहे हैं जिस पर कुछ फ्रेंचाइजी के कोच और खिलाड़ियों ने खुलकर नाराजगी व्यक्त की है। ऐसे में पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना बढ़ जाएगी। मुंबई के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट भी चिंता का विषय है। बुमराह कब तक वापसी करेंगे इसको लेकर हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली टीम ने चुप्पी साध रखी है। बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है लेकिन बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके मुंबई की टीम में आशा की नई किरण जगाई है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर चार विकेट लिए थे। पंजाब के रहने वाले इस 23 वर्षीय तेज गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में केवल चार टी20 मैच खेलने के बाद मुंबई की तरफ से आईपीएल में पदार्पण करते हुए शानदार प्रदर्शन किया तथा अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाजों को आउट किया। मुंबई के गेंदबाजों ने कोलकाता के खिलाफ वानखेड़े में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेलटन थे जिन्होंने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। मुंबई को अगर इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखना है तो फिर रोहित और सूर्यकुमार यादव को बड़ी भूमिका निभानी पड़ेगी। जहां तक लखनऊ की बात है तो विशाखापत्तनम में आईपीएल के शुरुआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली एक विकेट की निराशाजनक हार के बाद उसकी टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

# दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है भारत, योग और शतरंज में करेगा अगुवाई

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भारत खेलों के माध्यम से कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है जिसमें वह योग और शतरंज जैसे खेलों में अगुवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। सह आयोजक के रूप में, भारत शतरंज और योग में अग्रणी भूमिका निभाएगा। हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि अगली बार इन खेलों में क्रिकेट को भी शामिल किया जाएगा मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं। संयुक्त राष्ट्र खेल अप्रैल-मई 2025 में आयोजित किए जाएंगे। योग नौ अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नॉर्थ लॉन के रोज गार्डन में, जबकि शतरंज भी उसी दिन नॉर्थ लॉन के ओलंपिक कॉर्नर में आयोजित किया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जून, 2023 को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाल नॉर्थ लॉन में एक ऐतिहासिक योग सत्र का नेतृत्व किया था। हरीश ने कहा कि हालांकि हर कोई सक्रिय खिलाड़ी नहीं हो सकता है, लेकिन राजनयिक समुदाय के अधिकतर सदस्य उत्साही प्रशंसक हैं। लोग अलग-अलग टीमों के समर्थक हो सकते हैं, लेकिन खेल उन्हें एकजुट करते हैं। उन्होंने कहा कि एक अरब से अधिक भारतीयों की तरह वह भी क्रिकेट प्रेमी हैं और उम्मीद जताई के अगली बार संयुक्त राष्ट्र खेलों में क्रिकेट भी शामिल होगा। हरीश ने कहा कि योग और शतरंज में आगे बढ़ना भारत के लिए सौभाग्य की बात है, जैसा कि पिछले साल हुआ था। उन्होंने कहा, ''2014 में रिकॉर्ड संख्या में सदस्य देशों के सह-प्रायोजन के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने के बाद से, योग दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए जीवन का एक तरीका बन गया है। हरीश ने कहा, ''जहां तक शतरंज का सवाल है तो भारत ने सदियों पहले इस खेल को अपना दिया था। वर्तमान समय में शतरंज की दुनिया में भारत के युवा खिलाड़ियों का दबदबा है जो रिकॉर्ड तोड़कर और वैश्विक चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच रहे हैं। पिछले साल भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को हराकर 18 साल में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल में मुश्किल परिस्थितियों में खेलने से बल्लेबाजी में सुधार करने में मदद मिली: सुदर्शन

**बेंगलुरु।** सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस की तरफ से मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने से उन्हें टी20 क्रिकेट में बेहतर बल्लेबाज बनने में मदद मिली। सुदर्शन में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेल कर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सुदर्शन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''यह (आईपीएल में) मेरा चौथा साल है, इसलिए मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी अनुभव मिला है। मुझे कुछ मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का मौका मिला। गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नेट्स में मुझे काफी तेज गेंदबाजी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीज जिसने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मदद की है या जिस तरह से मैंने अपनी टी20 बल्लेबाजी में सुधार किया है, वह खेल का समय है जो मुझे यहां मिलता है और टाइटंस के साथ मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के साथ अभ्यास का मौका मिलता है। आईपीएल के वर्तमान सत्र में अभी तक 186 रनबनाने वाले सुदर्शन ने कहा, '' इन तीन वर्ष में मैंने बहुत कुछ सीखा है। मुझे लगता है कि इससे मुझे खेल को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली है और खेल की बुनियादी बातों को भी समझने में मदद मिली है। इस बीच आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि पहले सात ओवरों में चार विकेट खोने से उनकी टीम के लिए परिस्थितियां मुश्किल हो गई थी। फ्लावर ने संवाददाताओं से कहा, ''हमने पावर प्ले में आक्रामक बल्लेबाजी की लेकिन इस बीच हमने कुछ महत्वपूर्ण विकेट गंवाए। इससे मैच का पासा पलट गया। अगर आप पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो इससे आपके लिए परिस्थितियां मुश्किल हो जाती हैं।

### सुब्रमण्यन, फ़िफ़र कोच के रूप में यूटीटी में करेंगे पदार्पण

**अहमदाबाद।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रमन सुब्रमण्यन, जर्मन विशेषज्ञ क्रिस फ़िफ़र, अनुभवी प्रशिक्षक पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर 1 जुबिन कुमार अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के सीज़न 6 में कोच के रूप में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। यह संस्करण ऐतिहासिक रूप से पहला है, क्योंकि फ्रेंचाइज़ी को अपने कोचिंग स्टाफ़ को स्वतंत्र रूप से चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। इनके साथ वापसी करने वाले कोच एलेना टिमिना, पराग अग्रवाल, सुभाजीत साहा, सौम्यदीप रॉय और सचिन शेट्टी भी शामिल हैं, जिनका लक्ष्य अपना दूसरा यूटीटी खिताब हासिल करना है। टेबल टेनिस फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रवर्तित यह लीग 29 मई से 15 जून तक अहमदाबाद के ईकेए एरिना में होगी। 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के टेबल टेनिस दल का नेतृत्व करने वाले सुब्रमण्यन, डेब्यूटेंट जूलियन गिरार्ड के साथ सीजन 2 चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी की अगुआई करेंगे। 2022 से भारतीय टेबल टेनिस में अहम भूमिका निभाने वाले फ़िफ़र अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के कोच होंगे, जबकि तीन दशकों से ज़्यादा के कोचिंग अनुभव वाले रेहोरेक जयपुर पैट्रियट्स का मार्गदर्शन करेंगे। यूटीटी कोचिंग में पदार्पण करने वाले कुमार कोलकाता थंडरब्लेड्स की कमान संभालेंगे। इस बीच, अनुभवी रणनीतिकार टिमिना, शेट्टी और वेस्ना ओजस्टरसेक लगातार छठे सीज़न के लिए वापसी कर रहे हैं। यूटीटी सह-प्रमोटरों ने कहा ल्ल यह सीज़न नए और अनुभवी कोचिंग प्रतिभाओं का एक गतिशील मिश्रण लेकर आया है, जो लीग के प्रतिस्पर्धी मानक को बढ़ाता है। टीमों के लिए अपने स्वयं के कोचिंग स्टाफ़ को चुनने की क्षमता एक अधिक रणनीतिक और अनुकूलित दृष्टिकोण को सक्षम बनाती है, जिससे खिलाड़ियों को उनकी ताकत के अनुरूप विश्वस्तरीय मार्गदर्शन प्राप्त होता है। गत विजेता गोवा चैलेंजर्स ने अपने सीजन 4 के विजेता जोड़ी, टिमिना और अग्रवाल को फिर से शामिल किया है। वे लगातार तीसरे खिताब के रिकॉर्ड की तलाश में हैं। यू मुंबा टीटी ने जॉन मर्फी और जय मोडक को बरकरार रखा है जबकि ओजस्टरसेक पीबीजी पुणे जगुआर में सुभाजीत साहा के साथ शामिल हुए हैं। कोलकाता थंडरब्लेड्स ने कुमार के साथ काम करने के लिए स्वीडिश कोच टोबियास बर्गमैन को नियुक्त किया है, जबकि पूर्व चैंपियन चेन्नई लायंस ने सौम्यदीप रॉय और जर्मन ट्रेनर जॉर्ग बिट्जिगियो को चुना है।

### इंग्लैंड का लक्ष्य विश्व कप: कोच एडवर्ड्स

**लंदन।** इंग्लैंड की नवनियुक्त कोच चार्लोट एडवर्ड्स का मानना है कि उनकी टीम जल्द ही अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में सक्षम है और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकती है। इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन और उसके बाद जॉन लुईस और लंबे समय से कप्तान हीथर नाइट के जाने के बाद एडवर्ड्स को इंग्लैंड की महिला कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। एडवर्ड्स के लिए सबसे पहला काम इस साल के आखिर में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। नई कोच ने कहा है कि वह विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कई युवा खिलाड़ियों को भरपूर मौके देंगी। एडवर्ड्स ने बुधवार को लॉर्ड्स में कहा, ल्ल हमारे पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मेरे हिसाब से पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मैं चाहती हूं कि वे अधिक क्रिकेट खेलने का अनुभव लें, बार-बार ऐसी परिस्थितियों में आएं और इंग्लैंड के लिए खेलने का मौका पाएं। उन्होंने कहा, किसी के लिए भी दरवाज़ा बंद नहीं हुआ है। उम्मीद है कि काउंटी सीज़न से इसकी शुरुआत होगी, यह वास्तव में एक सकारात्मक बात होगी। मैं अतीत के बारे में बहुत अधिक बात नहीं करने जा रही हूँ। मेरे लिए यह सब भविष्य के बारे में है और मैं जो देखती हूँ वह यह है कि हमारे पास वास्तव में एक प्रतिभाशाली टीम है और मुझे लगता है कि हमारे पास दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं जिसमें कुछ प्रतिभाशाली उच्च क्षमता वाले युवा खिलाड़ी हैं, जिनके साथ मैं काम करने के लिए उत्सुक हूँ।

## कैरम बॉल पर पिछले तीन-चार वर्षों से काम कर रहा था: साई किशोर

बेंगलुरु। गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले तीन-चार वर्षो से काम कर रहे थे। किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पंड्या को हैरान कर दिया था। इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था। किशोर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, ''टी20 क्रिकेट में प्रासंगिक बने रहने के लिए आपको हमेशा अपने खेल में कुछ नया जोड़ना होगा। मैं पिछले तीन-चार वर्षो से इसका अभ्यास कर रहा था लेकिन मैंने कहीं भी इसका उपयोग नहीं किया था। उन्होंने कहा, ''मैं आईपीएल में इसका उपयोग करने को लेकर आश्वस्त था और मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा।

## सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में नया प्रारूप होगा आकर्षण का केंद्र

एजेंसी





झांसी। यहां चार से 15 अप्रैल तक होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तीन डिवीजन में 30 टीम हिस्सा लेंगी, जिसमें नया प्रारूप आकर्षण का केंद्र होगा। यह पहली बार होगा जब मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाने वाला पुरुष टूर्नामेंट तीन डिवीजन के नए प्रारूप में खेला जाएगा। सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मार्च में इसी तरह के नए प्रारूप में खेली गई थी। इस घरेलू प्रतियोगिता में पहली बार प्रमोशन (शीर्ष डिवीजन में जगह बनाना) और रेलीगेशन (निचले डिवीजन में खिसकना) का प्रावधान है। यही कारण है की टीमों को तीन डिविजन ए, बी और सी में विभाजित किया गया है। डिवीजन ए शीर्ष स्तर का डिवीजन होगा क्योंकि इसमें टीमें चैंपियनशिप खिताब के लिए अपना दावा पेश करेंगी। डिवीज़न बी में टीमें अगले सत्र में डिवीज़न ए में जगह बनाने के लिए, जबकि डिवीज़न सी में टीमें अगली प्रतियोगिता के लिए डिवीज़न बी में जगह हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। डिवीजन बी और सी के मैच चार अप्रैल से जबकि डिवीजन ए के मैच आठ अप्रैल से शुरू होंगे। पिछले कुछ वर्षों में टूर्नामेंट में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर, डिवीजन ए में भारत की शीर्ष -12 टीमें हैं, जिनमें गत चैंपियन ओडिशा और उपविजेता हरियाणा शामिल हैं। डिवीजन ए में अन्य टीमें पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल, हॉकी, कर्नाटक और पुडुचेरी हैं। इन टीमों को चार पूल में बांटा गया है। प्रत्येक टीम अपने-अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी से एक बार खेलेगी। यह एकमात्र डिवीजन होगा जिसमें नॉकआउट चरण होगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें 12 अप्रैल को होने वाले क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफ़ाइनल 13 अप्रैल को जबकि फाइनल और तीसरे तथा चौथे स्थान के लिए मैच 15 अप्रैल को खेले जाएंगे। डिवीजन ए से सबसे निचले स्थान पर रहने वाले दो टीम डिवीजन बी में खिसक जाएगी। डिवीजन बी में 10 टीमें डिवीजन ए में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में चंडीगढ़, गोवा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, जबकि पूल बी में दिल्ली, मिजोरम, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, केरल, असम शामिल हैं। डिवीज़न बी से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें अगले सत्र में डिवीज़न ए में जगह बनाएंगी, जबकि निचले स्थान पर रहने वाली दो टीम डिवीज़न सी में खिसक जाएंगी। डिवीजन सी में आठ टीमें डिवीजन बी में अपना स्थान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है। पूल ए में राजस्थान, अरुणाचल, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा जबकि पूल बी में छत्तीसगढ़, हिमाचल, बिहार और गुजरात शामिल हैं। डिवीजन सी में शीर्ष दो टीमें डिवीजन बी में जगह बनाएंगी। तीनों डिवीजन में अंक प्रणाली एक समान है। प्रत्येक टीम को जीत के लिए तीन अंक, ड्रॉ के लिए एक अंक और हार के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान नए प्रारूप ने वास्तव में अच्छा काम किया और हम राष्ट्रीय पुरुष चैंपियनशिप में इसे देखने के लिए उत्सुक हैं।

## साल्ट का कैच छोड़ने के बाद अच्छी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध था: बटलर

बेंगलुरु। गुजरात टाइटंस के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने स्वीकार किया कि यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट का कैच छोड़ने के बाद वह शर्मिंदा महसूस कर रहे थे लेकिन इसकी भरपाई बल्लेबाजी से करने को लेकर प्रतिबद्ध थे। बटलर ने 39 गेंद पर नाबाद 73 रन बनाए जिससे गुजरात की टीम ने यह मैच आठ विकेट से जीता। इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज बटलर ने मैच के बाद कहा, '' मैं नहीं जानता कि ऐसा कैसे हुआ लेकिन मैं शर्मिंदा महसूस कर रहा था। हम सभी जानते हैं कि साल्ट कितना खतरनाक खिलाड़ी है। इसलिए मैं इसकी भरपाई बल्लेबाजी में करने को लेकर प्रतिबद्ध था। बटलर ने आरसीबी के पहले ओवर में ही मोहम्मद सिराज की गेंद पर साल्ट का कैच छोड़ दिया था। बटलर ने बाद में स्वीकार किया कि उनकी टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं था।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 92,830 रुपये से लेकर 92,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 85,090 रुपये से लेकर 85,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,04,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 92,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 85,240 रुपये प्रति 10 ग्राम



दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 92,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 85,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 92,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 85,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 92,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 85,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 92,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 85,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 92,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 85,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 92,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 85,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 92,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 85,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 92,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 85,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता से शुल्क प्रभाव कम होने की उम्मीद: एसीएमए

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय वाहन कलपुर्ज़ा विनिर्माता संघ (एसीएमए) ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि भारत और अमेरिका के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापार वार्ता से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क आदेशों के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी और एक संतुलित समाधान निकलेगा जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। बुधवार को ट्रंप द्वारा शुल्क की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए एसीएमए की अध्यक्ष और सुब्रोस लि. की चेयरपर्सन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्रद्धा सूरी मारवाह ने कहा कि वाहन और वाहन कलपुर्जों और इस्पात तथा एल्युमीनियम के सामान को इस नए आदेश में शामिल नहीं किया गया है। ये पहले से ही धारा 232 के तहत 25 प्रतिशत शुल्क के अधीन हैं और इन्हें ट्रंप के 26 मार्च, 2025 के आदेश में पहले ही घोषित किया गया था। उन्होंने कहा, हालांकि, अमेरिका में 25 प्रतिशत आयात शुल्क के अधीन आने वाले वाहन कलपुर्जों की विस्तृत सूची का इंतजार है। मारवाह ने कहा कि एसीएमए घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और व्यापार असंतुलन को दूर करने के अमेरिकी प्रशासन के इरादे को समझता है। उन्होंने कहा, एसीएमए को अब भी उम्मीद है कि भारत और अमेरिका की सरकारों के बीच चल रही द्विपक्षीय वार्ता से संतुलित समाधान निकलेगा, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। मारवाह ने कहा, हमारा मानना है कि भारत और अमेरिका के बीच, विशेष रूप से वाहन कलपुर्ज़ा क्षेत्र में मजबूत व्यापारिक संबंध, इन उपायों के प्रभावों को कम करने के लिए निरंतर बातचीत को प्रोत्साहित करेंगे।

## ट्रंप के टैरिफ के प्रभाव का अध्ययन करेगा भारत : वित्त राज्य मंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत पारस्परिक टैरिफ वृद्धि और देश पर इसके प्रभाव का आकलन कर रहा है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा आईआईएम, अहमदाबाद के सहयोग से आयोजित 'प्रथम अंतरराष्ट्रीय पेंशन शोध सम्मेलन' में कहा कि भारत पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव की समीक्षा और आकलन करेगा। पंकज चौधरी ने कहा कि ट्रंप के लिए यह अमेरिका पहले है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह भारत पहले है। उन्होंने कहा कि हम अमेरिका द्वारा लगाए गए पारस्परिक शुल्कों के प्रभाव का आकलन कर रहे हैं। वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका की शुल्क बढ़ोतरी और देश पर इसके प्रभाव का आकलन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्कों का मुकाबला करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है।

## ट्रंप की टैरिफ घोषणा के बाद एक्शन मोड में सरकार समीक्षा के लिए कंट्रोल रूम, वरिष्ठ अधिकारी लगाए गए

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम ने दुनिया भर के बाजारों में हड़कंप की स्थिति बना दी है। टैरिफ का ऐलान होने के बाद से ही भारत सरकार भी एक्शन मोड में आ गई है। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ के कारण अलग-अलग सेक्टर्स पर पड़ने वाले निगेटिव इफ़ेक्ट को कम करने के लिए भारत सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। टैरिफ को लेकर ट्रंप की घोषणा के साथ भारतीय उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी इससे भारतीय उद्योगों पर पड़ने वाले असर की समीक्षा में जुट गए हैं। केंद्र



सरकार ने टैरिफ की समीक्षा के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया है। कंट्रोल रूम में अलग-अलग मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों को लगाया गया है, जो टैरिफ के असर का अध्ययन करने के बाद उससे निपटने के उपायों पर प्रस्ताव पेश करेंगे। बताया जा रहा है कि शुरुआती समीक्षा में इस बात की भी संभावना व्यक्त की गई है कि अमेरिका की नई टैरिफ पॉलिसी के कारण कुछ सेक्टर्स को नुकसान जरूर होगा, लेकिन कुछ सेक्टर ग्लोबल ट्रेड के लिहाज से फायदे में रह सकते हैं। टैरिफ का भारत पर पड़ने वाले असर का समग्र अध्ययन करने के लिए अलग-अलग देश पर लगाए गए टैरिफ की समीक्षा की जा रही है। इसके आधार पर इस बात का आकलन किया जाएगा कि किस सेक्टर से होने वाले निर्यात पर कम या ज्यादा असर पड़ेगा। अमेरिका ने भारत समेत 180 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। 180 देशों की इस सूची में कई देशों पर भारत से काफी अधिक टैरिफ लगाया गया है, वहीं कई देशों को 10 प्रतिशत टैरिफ के दायरे में रखा गया है। हालांकि न्यूनतम 10 प्रतिशत टैरिफ दायरे में रहने वाले देश अमेरिकी उत्पादों पर भी 10 प्रतिशत टैरिफ ही लगाते हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बुद्धा देवी का ऐसा मंदिर, यहां प्रसाद के रूप में चढ़ाई जाती हैं हरी सब्जियां

■ मंदिर में नही है कोई पुजारी, दशकों से माली परिवार कर रहा है मंदिर की देख-रेख

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। देशभर में चैत्र नवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। शहर में ऐसे तमाम देवी मंदिर हैं। जो अपनी प्राचीन मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध है। इन्हीं में से एक हटिया इलाके में स्थापित करीब 110 साल प्राचीन बुद्धा देवी का मंदिर है, जिसकी खासियत यह है कि यहां पर देवी के समक्ष प्रसाद के रूप में हरी सब्जियां चढ़ाई जाती हैं। ऐसी मान्यता है कि हरी सब्जियां चढ़ाने से भक्तों का परिवार भी हरा भरा रहता है। बाकी मंदिरों की तरह यहां की देखरेख कोई पुजारी नहीं बल्कि रघुवीर माली करते हैं। गुरुवार उन्होंने मंदिर को लेकर कई अहम जानकारियां साझा की। नवरात्रि के दिनों में देवी मां के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाती है। वैसे तो शहर में कई देवी मंदिर है। जिनसे उनका अपना इतिहास भी जुड़ा है। इन्हीं में से एक हटिया इलाके में स्थापित बुद्धा देवी का मंदिर है। यहां तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को काफी सकरे रास्ते से होकर सकरे गुजरना पड़ता है। यहां विशेष तौर पर बुधवार को भक्तों की भारी भीड़ देखी जाती है। जो नवरात्रि के दिनों में कई गुना बढ़ जाती है। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां पर आए हुए श्रद्धालु देवी को हरी-भरी सब्जियों जैसे लौकी, भिंडी, बैगन, नीबू, टमाटर इत्यादि का भोग लगाते हैं। मंदिर की देखरेख करने वाले रघुवीर माली ने बताया कि जिस जगह पर यह मंदिर बना हुआ है। सैकड़ो साल पहले यहां पर सब्जियों का बगीचा हुआ करता था। जिसकी देखरेख उनके पूर्वजों द्वारा की जाती थी। माली के पूर्वज बुद्धू को लगातार एक सप्ताह तक सपने में देवी मां आईं और बोली कि मुझे इस बगीचे से बाहर निकालो। बार-बार आ रहे सपने से परेशान होकर एक दिन आखिरकार उन्होंने देवी की बताई हुई जगह पर खुदाई शुरू कराई। कई दिनों तक खुदाई करने के बाद देवी की प्राप्ति हुई। इसके बाद वहीं पर उन्हें स्थापित कर उनका नाम बुद्धा देवी रख दिया गया। तभी से देवी को हरी सब्जियां चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है। मंदिर में बड़ी संख्या में किसान भी देवी को हरी सब्जियों का प्रसाद चढ़ाने आते हैं। क्योंकि उनका ऐसा मानना है कि देवी के खुश होने से उनकी फसल की पैदावार भी हरी-भरी होगी।

## सुलतानपुर : युवक पर धारदार हथियार से हमला, हालत गम्भीर

सुलतानपुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के दुबेपुर गांव में एक छात्र पर कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। गम्भीर अवस्था में छात्र को परिजनों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पुलिस को परिजनों की ओर से प्रार्थना पत्र का इंतजार है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के दुबेपुर गांव के छात्र अभिषेक वर्मा (17) ने बताया कि बीती रात लगभग 11 बजे घर लौट रहा था। रास्ते में 4-5 लोगों ने रोक लिया। उनमें से कुछ के मुंह पर रुमाल और एक व्यक्ति के सिर पर पगड़ी थी।आरोपितों ने पहले उससे बदसलूकी की और 'सुधर जाने' की धमकी दी। विरोध करने पर तीन लोगों ने उसे मारना शुरू कर दिया। अभिषेक का कहना है कि जब जवाब दिया, तो उन्होंने धारदार हथियार से हमला कर दिया। कोतवाली देहात एसओ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। परिजनों की शिकायत मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार डंपर ने मजदूर को कुचला हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र के श्याम नगर लेबर मंडी के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार डंपर मजदूर को टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त में जुट गई है। श्याम नगर स्थित लेबर मंडी के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने एक मजदूर को जोरदार टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। जिससे मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अक्षरा देवी धाम पीठ: आध्यात्मिक और ऐतिहासिक धरोहर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जालौन। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में इतिहास की परछाई में दबी कई आध्यात्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहरें आज भी हमारे बीच मौजूद हैं, लेकिन कालचक्र की उथल-पुथल में इनका इतिहास कहीं विलुप्त हो चुका है। ऐसी ही एक अनमोल धरोहर है ्र अक्षरा देवी धाम पीठङ्क। यह मंदिर अपनी आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक विशेषताओं के कारण क्षेत्र का एक प्रमुख आकर्षण केंद्र माना जाता है। जालौन जिला मुख्यालय उरई से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अक्षरा पीठ का मंदिर, बेतवा नदी के किनारे सैदनगर में स्थित है। यह कानपुर-झांसी रेलमार्ग पर एट जंक्शन से लगभग 12 किलोमीटर दूर पूर्व दिशा में कोटरा रोड के निकट ग्राम कुरकुरू से एक लिंक मार्ग द्वारा जुड़ा हुआ है। मंदिर तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क उपलब्ध है, जिससे श्रद्धालु किसी भी वाहन द्वारा यहां आसानी से आ सकते हैं। आचार्य अंकित शास्त्री ने बताया कि यह शक्तिपीठ वैदिक काल के बाद तांत्रिक काल में भी विशेष महत्व रखता था। इस स्थल को जगदम्बा उपासना की सिद्धि पीठ माना जाता है। पुरातन काल में यह क्षेत्र एक त्रिकोण के रूप में विद्यमान था, जिसके तीनों स्थान बेतवा नदी के किनारे स्थित थे। समय के साथ नदी का प्रवाह परिवर्तित हुआ और यह त्रिकोणीय स्थिति भी परिवर्तित हो गई। यह शक्तिपीठ इस त्रिकोण का अभिन्न हिस्सा रहा है, जिसे साधकों द्वारा गायत्री पीठ, त्रिपुर सुंदरी पीठ और महालक्ष्मी पीठ के रूप में मान्यता दी जाती रही है। पुजारी संतोष पांडा राजू देवोलिया ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मांड में सर्वप्रथम लिपि का उद्भव इसी स्थान से हुआ था। अक्षरा शब्द स्वयं ही माता की उस आराधना का प्रतीक है, जहां ब्रह्म की निष्क्रिय अवस्था में भी ब्रह्मीय शक्ति के संयोग से सृजन की कल्पना की गई। इसी कारण माता को अक्षरा कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है जो कभी नष्ट न हो। धार्मिक विश्वासों के अनुसार यह स्थान सृजन, ऊर्जा और दिव्य चेतना का केंद्र है। शक्तिपीठ मां अक्षरा धाम न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि साधना और मोक्ष प्राप्ति का भी सर्वोत्तम स्थल माना जाता है। यहां मंदिर के अंदर बलि नहीं दी जाती और न ही मां के सामने नारियल तोड़ा जाता है। इसी प्रकार, मंदिर परिसर के भीतर तेल का दीपक नहीं जलाया जाता और नारियल की बलि भी वर्जित है। यदि श्रद्धालु नारियल तोड़ना चाहें, तो उन्हें इसे मंदिर के पीछे स्थित पहाड़ पर करना होता है। तिल और जवा का हवन भी मंदिर परिसर के भीतर न होकर पीछे की वेदी पर किया जाता है। मां के समक्ष यदि हवन करना हो, तो उसे केवल चंदन, धूप तथा औषधीय लकड़ियों के साथ घी और शक्कर का उपयोग कर किया जाता है। तामसी एवं राजसी पदार्थों के बिना मां की आराधना की जाती है, जिससे साधकों की भावनाएं शुद्ध होती हैं। मां अक्षरा का यह धाम पवित्र वेत्रवती नदी के तट पर स्थित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह नदी भगवान शिव के अश्रुपात का प्रवाह है। जब देवी सती ने दक्ष प्रजापति के यज्ञ में स्वयं को हवनकुंड में समर्पित कर दिया, तब भगवान शिव क्रोधित हुए और उनके नेत्रों से अश्रु प्रवाहित हुए, जो वेत्रवती नदी का रूप ले गए। धार्मिक ग्रंथों में वेत्रवती को गंगा के समान पवित्र माना गया है। वेत्रवती तट (बतावा )को मोक्षदायक माना जाता है, जहां पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि से मुक्ति प्राप्त होती है। यह स्थान तंत्र साधना के लिए भी उपयुक्त माना गया है। कई धर्मशास्त्रों के अनुसार, वेत्रवती को 'कलियुग की गंगा' कहा जाता है। पहले हर वर्ष बारिश के दौरान वेत्रवती अपने जल से मंदिर में प्रवेश कर मां के चरण पखारती थी, किंतु हाल के वर्षों में मौसम परिवर्तन के कारण यह परंपरा बाधित हो गई है। मां अक्षरा धाम के सामने एक प्राकृतिक कुण्ड स्थित है, जिसे सैदोलक जल का स्रोत माना जाता है। यह जल अत्यंत विशिष्ट होता है और इसे प्राप्त करने के लिए सही मुहूर्त में विशेष प्रयास करने पड़ते हैं। आयुर्वेदिक ग्रंथों के अनुसार, सैदोलक जल में धातुओं को परिवर्तित करने की क्षमता होती है। कहा जाता है कि इस जल से लकड़ी पत्थर में, पत्थर मणि में और धातु स्वर्ण में परिवर्तित हो सकता है।

# मंदिरों को लेकर अमर्यादित टिप्पणी से हिंदू संगठनों में उबाल, थाने में दी तहरीर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बिजनौर। हिंदू मंदिरों के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने से आक्रोशित विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को नजीबाबाद थाने पहुंचे। उन्होंने एक मुस्लिम युवक के विरुद्ध तहरीर दी। थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने बताया कि मोहम्मद जावेद निवासी गांव चंदनपुरा कोटद्वार रोड ने एक ग्रुप, जिसमें मीडियाकर्मी, शासन-प्रशासन के अधिकारी व प्रबुद्ध नागरिक जुड़े हैं, उसमें दो अप्रैल में मंदिरों को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की। आरोप है कि जावेद ने कहा कि मंदिर धार्मिक स्थान नहीं है यह ब्राह्मणों के अय्याशी के अड्डे हैं। ग्रुप में इस पोस्ट से नाराज लोगों ने जब जावेद से संपर्क किया तो उसने बदतमीजी कर आगे भी ऐसी पोस्ट करने की बात कही। इस मामले में नाराज विश्व हिंदू परिषद व बजरंग के दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ओर से तहरीर मिली है। मामले में आरोपित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। शिकायतकर्ताओं में भाजपा किसान मोर्चा के गौरव, ललित पाल, बजरंग दल के पीयूष एवं विहिप के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)
स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर

**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस(से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज लखनऊ,(उप्र)


# वक्फ संशोधन बिल : मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने कहा, धन्यवाद मोदी जी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




झांसी। वक्फ विधेयक संशोधन बिल लोक सभा में पास होने पर गुरूवार को मुस्लिम समुदाय के पुरुषों व महिलाओं ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को इसके लिए धन्यवाद दिया। खुशी जाहिर करते हुए मिठाई वितरित की और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। महिलाओं ने अपनी भावनाएं पट्टिकाओं पर प्रदर्शित करते हुए लिखा वक्फ बिल संशोधन के लिए धन्यवाद मोदी जी। भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के नेतृत्व में कई भाजपा नेताओं व मुस्लिम समुदाय के पुरुष एवं महिलाओं ने खुशी व्यक्त की। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मिठाइयां बांटी गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल पास होने से आर्थिक संकट से जूझ रहे तथा अन्य मुस्लिमों को भी इसका लाभ और सम्मान मिलेगा। इस बिल के पास होने से जो अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं, सिर्फ उन्हीं को खराब लग रहा है। वक्फ विधेयक पास होने से मुस्लिम समुदाय के हित में कार्य होगा, उनका विकास होगा। इस दौरान भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश मिश्रा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, व्यापारी नेता मनमोहन, पुनीत अग्रवाल सहित कई पार्टी नेता और मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहें।

# पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लूटकांड के आरोपी को दबोचा

■ आठ हजार नगद रुपए एक गाड़ी व असलहा कारतूस बरामद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बाराबंकी। थाना रामनगर पुलिस ने स्वाट सर्विलांस की संयुक्त टीम के साथ बीते दिनों देर रात हुए जोरोंडा गांव में लूट कांड की घटना के एक आरोपी को बीती देर रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास एक चार पहिया गाड़ी ,असलहा कारतूस कुछ नगदी बरामद हुई है। एएसपी डॉ अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र में बीते 27 मार्च की देर रात दिल्ली के रहने वाले वर्तमान जोरौंडा निवासी रामनारायण वर्मा के फार्म हाउस पर मकान मालिक व नौकर को बंधक बनाकर लूट कांड करने वाले अंतर जनपदीय शातिर अपराधी,कानपुर निवासी निखिल तिवारी को रामनगर थाना क्षेत्र के बोहनिया पुरवा के पास से मुठभेड़ कर गिरफ्तार किया। गस्त कर रही पुलिस को देखकर जब यह शातिर अपराधी भागने लगा। पुलिस ने इसका पीछा किया तो इसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। बचाव में जब पुलिस ने भी फायरिंग की तब वह घायल हो गया। पुलिस की पूछताछ में उसने जोरोंडा गांव में हुई लूट कांड की घटना को कबूला। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में है।पकड़े गए बदमाश के पास से 8000 रुपए नगद, एक तमंचा दो खोखा कारतूस वह एक मारुति वैन गाड़ी बरामद हुई है। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में है।

# राजपूत सेवा समिति ने उठाई सपा सांसद सुमन की सदस्यता खत्म करने की मांग



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन की राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान को लेकर राजपूत समाज का आक्रोश नहीं थमरहा है। राजपूत सेवा समिति के सदस्यों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में घूमकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समिति के सदस्यों का कहना है कि सांसद का यह बयान न केवल राजपूत समाज का बल्कि पूरे राष्ट्र का अपमान है। यह मुगलों से लड़ने वाले सभी वीर योद्धाओं का भी अपमान है। समिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि हमारे देश के नायक, जिन्होंने मुगल आक्रांताओं से सौ बार बहादुरी से युद्ध किया ऐसे देश के महानायक को यदि सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन गद्दार कहते हैं तो देश का कोई स्वाभिमानी नागरिक इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने ऐसा बोलकर महान योद्धा राणा सांगा का अपमान किया है। उन्होंने संसद के सदन की गरिमा को भी कलंकित किया है। इसको समाज और समिति के पदाधिकारी बर्दाश्त नहीं करेंगें। उन्होंने इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। हमारी मांग है कि सांसद अपने इस बयान पर तुरंत माफी मांगें और इस्तीफा दें। इसको लेकर पूरे देश से करणी सेना 12 अप्रैल को राजस्थान ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन जायेगा। ज्ञापन देने वालों में शशि मोहन सिंह क्षेम, शशि सिंह, प्रदीप सिंह सफायर, अजीत सिंह, शरद सिंह सहित राजपूत सेवा समिति के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# छठे दिन मां कात्यायनी और मां ललिता गौरी का दर्शन कर श्रद्धालु आह्लादित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। वासंतिक चैत्र नवरात्र के छठे दिन गुरूवार को भी काशीपुराधिपति की नगरी मातृशक्ति की आराधना में लीन रही। श्रद्धालुओं ने परंपरागत नवदुर्गा के दर्शन के क्रम में संकठा घाट पर स्थित आत्माविश्वेश्वर मंदिर परिसर में उदारमना मां कात्यायनी और ललिताघाट स्थित मां ललिता गौरी के दरबार में हाजिरी लगाई।

भोर होते ही श्रद्धालु देवी के दरबार में पहुंचने लगे। तड़के से शुरू हुआ दर्शन और पूजा का क्रम देर रात तक चलता रहेगा। मां कात्यायनी के दरबार में महिलाओं की विशेष भीड़ देखने को मिली। मंगला आरती से पूर्व मां को पंचामृत और गंगाजल से स्नान कराया गया। विधिपूर्वक आरती और पूजा के बाद मंदिर का द्वार भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया गया। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी और अन्य प्रसाद अर्पित कर मां से सौभाग्य और आशीर्वाद की प्रार्थना की। मान्यता के अनुसार, देवताओं के कार्यों की सिद्धि के लिए भगवती महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई थीं। महर्षि ने उन्हें कन्या का स्थान दिया, इसलिए वे कात्यायनी के नाम से विख्यात हुईं। कहा जाता है कि देवी ने समय-समय पर विभिन्न रूपों में अवतार लिया है ताकि देवताओं के कार्य सफल हो सकें। तीन नेत्रों से विभूषित मां कात्यायनी के मुख पर सौम्यता और करुणा की झलक पाई जाती है। इनका ध्यान करने से भक्तों को जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है और वे भय से सुरक्षित रहते हैं। देवी पुराण और स्कंद पुराण में मां कात्यायनी के इस स्वरूप की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया है। नवरात्र के इस पावन अवसर पर ललिता घाट पर स्थित मां ललिता गौरी का दरबार भी श्रद्धालुओं से भरा रहा। मान्यता है कि मां ललिता गौरी देवताओं की मनोकामनाओं को पूरा करने के लिए प्रकट हुईं। उनके अद्भुत स्वरूप के दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। मां ललिता गौरी ललिता तीर्थ क्षेत्र की रक्षा करती हैं और श्रद्धालुओं के जीवन के विघ्नों को दूर करती हैं। विशेष रूप से उनकी आराधना से व्यक्ति को ललित कलाओं में उत्कृष्टता प्राप्त होती है। देवी को अड़हुल का फूल विशेष रूप से प्रिय है, जिसे भक्त अर्पित कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस बार वासंतिक चैत्र नवरात्र में पंचमी तिथि का क्षय होने के कारण बीते बुधवार को ही चतुर्थी और पंचमी तिथि मनाई गई। श्रद्धालुओं ने दुर्गाकुंड स्थित कूष्मांडा, गौरी स्वरूपा में मा श्रृंगार गौरी अपरान्ह बाद नवदुर्गा में जैतपुरा स्थित स्कंद माता और मीरघाट स्थित शक्तिपीठ विशालाक्षी देवी के मंदिर में दर्शन पूजन किया। श्रद्धालुओं का पूरा दिन दर्शन पूजन में ही बीता। शक्तिपीठ विशालाक्षी मंदिर सनातन धर्म के प्रसिद्ध 51 शक्तिपीठों में से एक है। इसका वर्णन 'देवीपुराण' में भी किया गया है। मान्यता के अनुसार यहां माता सती की आंख या 'दाहिने कान का मणि' यहां गिरा था।